

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 144 | ग्वालियर सोमवार, 13 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### कोविड केस बढ़े तो टेंशन में आई केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कुछ राज्यों में कोविड-19 की पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि को लेकर चिंता जताई है. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार ( 11 मार्च ) को राज्यों को एक पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया कि कुछ राज्यों में कोरोना परीक्षण के दौरान पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि चिंता का विषय है जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्कता है. राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने लिखा कि इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर सांस के संक्रमण के रोगों से निपटने के लिए परिचालन दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है. इसके साथ ही अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल ऑक्सीजन और कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा के खिलाफ टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लेने का भी अनुरोध किया है. पत्र में कहा गया है, जबकि पिछले कुछ महीनों में कोविड-19 के मामलों में तेजी से कमी आई है, कुछ राज्यों में कोविड-19 टेस्ट के दौरान सकारात्मकता दर में वृद्धि चिंता का विषय है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है. स्वास्थ्य सचिव ने कहा नए मामलों की कम संख्या, अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में कमी और कोविड-19 टीकाकरण कवरेज के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, सतर्क रहने, टीकाकरण और कोविड नियमों का पालन करने की आवश्यकता है. पत्र में कहा गया है कि कोविड के साथ ही इन्फ्लुएंजा के मामलों में वृद्धि भी देखी गई है. विभिन्न प्रयोगशालाओं में सैंपल की जांच के दौरान इन्फ्लुएंजा ए का मिलना प्रमुख रूप से चिंता का विषय है. यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि छोटे बच्चे, बूढ़े लोग और दूसरी बीमारियों से पीड़ित लोग विशेष रूप से गंभीर जोखिम में रहते हैं. इनमें से अधिकांश वेरिएंट आम तौर पर बुखार और खांसी के साथ सांस की समस्या को बढ़ाने वाली हल्की बीमारी की वजह बनते हैं. वहीं कुछ मामलों में, विशेष रूप से बुजुर्ग, मोटापे से ग्रस्त और दूसरी बीमारियों से ग्रसित और गर्भवती महिलाएं इनसे अधिक गंभीर पीड़ित हो सकते हैं.

### खत्म नहीं हुआ कोरोना संकट! 113 दिन बाद सामने आए सबसे ज्यादा मामले




**नई दिल्ली।** भारत में एक बार फिर से कोरोना के मामलों में उछाल देखा गया है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक रविवार ( 12 मार्च ) को देश भर में कोरोना के 524 मामले दर्ज किए गए. 113 दिनों के बाद इतनी ज्यादा संख्या में मामले रिपोर्ट किए गए हैं. एक्टिव मामलों की संख्या अब बढ़कर 3,618 हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि केरल में कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई जिसके बाद कुल मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,781 पर पहुंच गई है. संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4.46 करोड़ ( 4,46,90,492 ) हो गई है. 98.80 प्रतिशत लोग कोरोना से रिकवर हो चुके हैं. इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,56,093 हो गई है जबकि डेथ रेट 1.19 प्रतिशत दर्ज किया गया है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देशव्यापी कोरोना वैक्सीन अभियान के तहत अभी तक 220.64 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं. केंद्र ने शनिवार को कुछ राज्यों में कोरोना पॉजिटिविटी रेट में क्रमिक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि इसे तुरंत कंट्रोल करने की जरूरत है. प्रशासन को पहले से ही अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है. राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पतालों की तैयारियों का जायजा लेने का अनुरोध किया. दवाओं और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता, और कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ वैक्सीनेशन को बढ़ाने पर भी जोर दिया. स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सतर्क रहने और टेस्टिंग की सबसे ज्यादा जरूरत है. उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के हर उपाए को करने की कोशिश करें.

### चार साल से नहीं धोए बाल, बागेश्वर धाम में धीरेंद्र शास्त्री ने खोला पति के मर्डर का राज

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पिछले कुछ महीनों से नेशनल मीडिया में अपने चमत्कार के बदौलत काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं. इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें गुड़गांव के रहने वाली एक महिला के पति का मौत हो चुका है.वह महिला पिछले 4 सालों से अपने बाल को नहीं धोई है.महिला का मानना है कि उसके पति की हत्या की गई है हालांकि पुलिस ने इस मामले को सुसाइड बताया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आवाज लगाते हैं कि वैसे महिला जिनका पति मर गया है. वह अपने पति के मरने का राज जानने आई हैं. साथ में अपने पति का तस्वीर भी लाए हैं. वह ऊपर आ जाए.महिला जब ऊपर पहुंचती है तो धीरेंद्र शास्त्री पर्ची में उनके मन की बात को लिखते हैं.शास्त्री उस महिला को बताते हैं कि पति का रहस्य जानने आई है.मर्डर हुआ है. बाद में उसको सुसाइड करार दिया गया है. शत्रु घूम रहे हैं. आपके शरीर के ऊपर भी दिक्कत की गई है. आपके ऊपर प्रेशर बनाया गया है.आपने संकल्प लिया है कि जब तक रहस्य नहीं खुलेगा और जब तक सीआईडी जांच नहीं होगी तब तक हम अपने बालों को नहीं धोएंगे.

### 119 किमी लंबे बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

# पीएम मोदी बोले- ब्याज सहित चुकाएंगे आपका प्यार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार ( 12 मार्च ) को कर्नाटक में 10 लेन के बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया. इस परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग-275 के बेंगलुरु-निदाघट्टा-मैसूर खंड को छह लेन का बनाना शामिल है. 119 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को लगभग 8,480 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित किया गया है. प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन के बाद एक रैली को संबोधित किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक की जनता मुझे आशीर्वाद दे रही है. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार कर्नाटक में लगातार विकास कर रही है. पीएम ने कहा कि आज पूरे देश भर में बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे की चर्चा हो रही है, सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो गई हैं.



प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, कर्नाटक की जनता का प्यार डबल इंजन की सरकार ब्याज सहित चुकाएगी. उन्होंने कहा कि आज इस एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से देश के युवा गर्व से भरे हुए हैं. उन्होंने कहा कि देश में ऐसे और एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे. पीएम ने कहा कि अब बेंगलुरु से मैसूर तक समय आधे से भी कम हो गया है. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, बेंगलुरु और मैसूर कर्नाटक के महत्वपूर्ण शहर हैं. एक टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है तो दूसरा ट्रेडिशन के लिए. दोनों शहरों को तकनीक के माध्यम से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि लंबे समय से दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वाले लोग भारी ट्राफिक की शिकायत करते थे, लेकिन अब इस एक्सप्रेसवे से यह दूरी केवल एक घंटे में पूरी की जाएगी. प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के एक ट्वीट को भी टैग किया जिसमें कहा गया है कि बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे के निर्माण से चार रेल ओवरब्रिज, नौ महत्वपूर्ण पुल, 40 छोटे पुल और 89 अंडरपास और ओवरपास का विकास होगा. प्रधानमंत्री मोदी ने मैसूरु-कुशलनगर के बीच चार लेन के राजमार्ग की आधारशिला भी रखी. 92 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को तकरीबन 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा. यह परियोजना बेंगलुरु के साथ कुशलनगर की कनेक्टिविटी को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उनके बीच यात्रा के समय को करीब पांच घंटे से घटाकर सिर्फ ढाई घंटे करने में मदद करेगी.

### कुपवाड़ा में अवैध हथियार के ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से अवैध हथियारों और गोला-बारूद के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने ये कार्रवाई 11 मार्च को की. पुलिस ने बताया कि शालनार हैंगनीकूट इलाके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं. पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शूरू कर दी है. जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि हैंगनीकूट से 2 मैगजीन और 75 राउंड के साथ एक एके 47, 10 ग्रेनेड, 26 ब्लारु ग्रेनेड, 8 ब्लारु बूस्टर, 2 फ्लेम थ्रोअर, 5 रॉकेट शेल और 3 रॉकेट बूस्टर जब्त किए गए हैं. इस मामले में विलगाम पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. कुपवाड़ा के साथ-साथ नौशेरा से भी हथियार, नशीले पदार्थ और आईईडी की बरामदगी हुई है.

### फूलों की बारिश! कर्नाटक पर बीजेपी की नजर, मोदी-मोदी के नारों के बीच प्रधानमंत्री ने किया मेगा रोड शो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के मैसूर में 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने मांड्या में करीब 2 किलोमीटर तक तक रोड शो किया. रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में लोग नजर आए. लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फूलों की बारिश की. प्रधानमंत्री मोदी ने भी गाड़ी से बाहर आकर लोगों का अभिवादन किया. मांड्या में प्रधानमंत्री की उपस्थिति राजनीतिक दृष्टिकोण से भी अहम है, क्योंकि राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं. मांड्या जिला, पुराने मैसूरु क्षेत्र का एक प्रमुख हिस्सा है और यह पारंपरिक रूप से जनता दल सेकुलर (एस) का गढ़ रहा है. जिले में सात विधानसभा क्षेत्र हैं और एक को छोड़कर सभी पर जद (एस) का कब्जा है.



बीजेपी 2019 में हुए उपचुनावों के दौरान एक सीट (केआर पेट) जीतकर मांड्या जिले में पैठ बना सकी थी. प्रधानमंत्री मोदी मांड्या और हुबली-धारवाड़ में 16,000 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी मैसूरु-कुशलनगर के बीच चार लेन के राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे. 92 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को तकरीबन 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा. प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बयान में कहा गया है कि यह परियोजना बेंगलुरु के साथ कुशलनगर की कनेक्टिविटी को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उनके बीच यात्रा के समय को करीब पांच घंटे से घटाकर सिर्फ ढाई घंटे करने में मदद करेगी. प्रधानमंत्री हुबली-धारवाड़ में आईआईटी धारवाड़ को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. इसकी आधारशिला उन्होंने फरवरी 2019 में रखी थी.

## हर चुनाव के बाद इलेक्शन कमीशन की होती है अग्निपरीक्षा

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि भारत का चुनाव आयोग अब तक 400 विधानसभा चुनाव, 17 संसदीय, 16 राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनाव करा चुका है, इसके बावजूद आयोग को हर बार चुनाव के बाद अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है. उन्होंने ये टिप्पणी कर्नाटक में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को लेकर आयोग पर भरोसा करने को लेकर सवालों के जवाब के दौरान की. राजीव कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, पिछले 70 सालों में भारत ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, भौगोलिक, आर्थिक और भाषाई मुद्दों को शांतिपूर्वक या फिर संवाद के जरिए स्थापित किए हैं और ये लोकतंत्र की वजह से हो पाए. ये तभी संभव हो पाया है क्योंकि लोग चुनाव परिणामों पर भरोसा करते हैं. फिर भी चुनाव आयोग हर चुनाव के बाद अग्निपरीक्षा देता है. दरअसल, राजीव कुमार कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले की तैयारियों कां आकलन करने के लिए बेंगलुरु पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने ये भी घोषणा की कि आगामी चुनावों में 80 साल से ऊपर के नागरिक और दिव्यांग लोग अपने घर से ही मतदान कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोट फ्रॉम होम का विकल्प मिलेगा जिसके लिए एक 12डी फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा.



इससे पहले उन्होंने युवा और शहरी मतदाताओं को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती हमारे मतदाताओं के बीच उदासीनता है. जिसमें मुख्य रूप से युवा और शहरी मतदाता शामिल हैं. राजीव कुमार ये टिप्पणी कर्नाटक दौरे पर वोट फेस्ट-2023 कार्यक्रम के दौरान कही. ये कार्यक्रम कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी और बीबीएमपी ने आयोजित किया था. उन्होंने कहा, उन वजहों, धारणाओं, विश्वास, प्रेरणा, बाधा, चुनौती, अनुभव के अलावा उन रूपरेखाओं को जानना बहुत जरूरी हो गया जो वोट न डालने को आकार देते हैं.

### अप्रैल तक तैयार हो जाएंगे 22 स्मार्ट सिटी

**नई दिल्ली।** स्मार्ट सिटी को लेकर भारत सरकार ने एक अच्छी खबर देते हुए कहा है कि अगले महीने अप्रैल तक 22 शहर तैयार हो जाएंगे. आगरा, वाराणसी, चेन्नई, पुणे और अहमदाबाद शहरों में अपनी सभी परियोजनाओं का काम पूरा हो जाएगा. केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मिशन के तहत चुने गए शेष 78 शहरों में चल रही परियोजनाओं को अगले तीन-चार महीनों में पूरा कर लिया जाएगा.मंत्रालय के मुताबिक, इस मिशन का उद्देश्य शहरों को विभिन्न मुद्दों पर स्मार्ट समाधान अपनाने के अलावा मूलभूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना और अपने नागरिकों को एक गुणवत्तापूर्ण जीवन और स्वच्छ एवं टिकाऊ माहौल देने के लिए प्रेरित करना है. नरेंद्र मोदी सरकार ने 25 जून, 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन को लॉन्च किया था और साल 2016 से जून 2018 तक 4 दौर में पुनर्विकास के लिए 10 शहरों का चयन किया गया था. मार्च तक जिन 22 स्मार्ट शहरों में सभी परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी उनमें भोपाल, इंदौर, आगरा, वाराणसी, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, इरोड, रांची, सलेम, सूरत, उदयपुर, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद, काकीनाडा, पुणे, वेल्लोर, पिंपरी-चिंचवड़, मदुरै, अमरावती, तिरुचिरापल्ली और तंजावुर शामिल हैं. एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा, हम मार्च तक 22 स्मार्ट शहरों को पूरा कर लेंगे, क्योंकि इन शहरों में परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं.



### पलानीस्वामी के खिलाफ एफआईआर, मदुरै एयरपोर्ट में यात्री पर हमले का आरोप

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु पूर्व सीएम एडप्पादी पलानीस्वामी के अंतरिम महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व सीएम एडप्पादी पलानीस्वामी समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इन नेताओं पर आरोप है कि मदुरै एयरपोर्ट पर इन्होंने पलानीस्वामी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले एक यात्री पर कथित तौर पर हमला किया था. मामले को लेकर फिलहाल जांच जारी है. मामले में पुलिस ने उस शख्स को भी गिरफ्तार किया है जो पलानीस्वामी के खिलाफ नारेबाजी कर रहा था. एयरपोर्ट पुलिस की जांच में पता चला कि नारेबाजी करने वाला शख्स सिंगापुर में कंस्ट्रक्शन वर्कर के तौर पर काम कर रहा था. शिवगंगई की आम बैठक में भाग लेने के लिए एडप्पादी पलानीस्वामी चेन्नई हवाई अड्डे से मदुरै के लिए रवाना हुए थे. इसी दौरान शख्स ने उनके खिलाफ नारे लगाए थे और वीके शशिकला के साथ 'विश्वासघात' करने का भी आरोप लगाया. पुलिस ने कहा कि पलानस्वामी अपने निजी सुरक्षा अधिकारी कृष्णन के साथ फ्लाइट से उतरने के बाद टर्मिनल भवन के आगमन हॉल की ओर बस में यात्रा कर रहे थे. इसी दौरान शख्स ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अंतरिम महासचिव के खिलाफ नारे लगाए. वह इसकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा था. इस वीडियो में पलानीस्वामी को नारेबाजी करने वाले शख्स से चलती बस में मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है. इस शख्स ने दावा किया कि जब बस एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में पहुंची तो उस पर हमला किया गया.

### 'टायर फटना एक्ट ऑफ गॉड नहीं, मुंबई कोर्ट ने बीमा कंपनी को मुआवजा देने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** मुंबई में सड़क दुर्घटना के एक मामले पर सुनवाई करते हुए मुंबई कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि टायर फटना एक्ट ऑफ गॉड नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही है. एक बीमा कंपनी ने रोड एक्सीडेंट में मारे गए शख्स के परिवार को मुआवजा देने के खिलाफ एक याचिका डाली थी. इसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. जस्टिस एसजी डिगे की एकल पीठ ने 17 फरवरी के अपने आदेश में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की मोटर एक्सिडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल के 2016 के एक फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया. इसमें पीड़ित मकरंद पटवर्धन के परिवार को 1.25 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था. 25 अक्टूबर, 2010 को पटवर्धन अपने दो साथियों के साथ पुणे से मुंबई कार में आ रहे थे. इसी दौरान कार के पिछले पहिए का टायर फट गया और कार एक खाई में जा गिरी. इस हादसे में पटवर्धन की मौके पर ही मौत हो गई. ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा था कि पीड़ित अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था. वहीं, बीमा कंपनी ने अपनी अपील में कहा था कि मुआवजे की राशि हद से ज्यादा है और टायर फटना एक्ट ऑफ गॉड है न कि ड्राइवर की लापरवाही का नतीजा. वहीं, हाईकोर्ट ने इस अपील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि एक्ट ऑफ गॉड का डिक्शनरी में अर्थ संचालन में बेकाबू प्राकृतिक



शक्तियों का एक उदाहरण है. इस घटना में टायर फटने को ईश्वर का कार्य नहीं कहा जा सकता. ये मानवीय लापरवाही है. अदालत ने आगे कहा, 'टायर फटने के कई कारण हैं, जैसे तेज रफ्तार, कम हवा, ज्यादा हवा या फिर सेकेंड हैंड टायर और तापमान. आदेश में कहा गया, कार के ड्राइवर को यात्रा करने से पहले टायर के स्थिति की जांच करनी होती है. टायर फटने को नैचुरल एक्ट नहीं कहा जा सकता. ये मानवीय लापरवाही है. हाईकोर्ट ने ये भी कहा कि टायर फटने को केवल एक्ट ऑफ गॉड कह देना बीमा कंपनी को मुआवजा देने से बरी करने का आधार नहीं हो सकता है.

## चंबल का असली गब्बर सिंह, जिसने तांत्रिक के कहने पर काट दिए 116 लोगों के नाक-कान

**नई दिल्ली।** चम्बल के बीहड़ में अनेक खूंखार डाकू हुए और सबकी अपने-अपने समय में तूती बोलती थी. कई नामी डकैत हुए जैसे मान सिंह, माधो सिंह, मोहर सिंह, दस्यु सुंदरी फूलन देवी, पुतलीबाई, कुषमा नाइन आदि. ऐसा ही एक खूंखार डकैत गब्बर सिंह नाम का चम्बल में हुआ. 50 के दशक में गब्बर सिंह के नाम का आतंक तीन राज्यों में आतंक का पर्याय बना हुआ था. डाकू गब्बर सिंह को लेकर देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी फिक्रमंद थे. बताया जाता है कि वर्ष 1926 में मध्य प्रदेश के भिंड जिले के डांग क्षेत्र



के एक गांव में एक बच्चे का जन्म हुआ तो परिजनों ने नाम रख दिया प्रीतम सिंह. प्रीतम सिंह को परिजन प्यार से गबरा कहकर बुलाते थे. गबरा गरीब घर में पैदा हुआ था. लेकिन गबरा एकदम तंदुरुस्त और मस्त नजर आता था. जमीन थोड़ी सी थी और घर का गुजारा खेती से नहीं होने के कारण प्रीतम सिंह के पिता पत्थर की खदानों में मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे थे. गबरा बड़ा हुआ तो उसके पिता ने उसे भी खदान पर मजदूरी करने के लिए लगा दिया.

### लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों को लेकर 3 कार्यकर्ताओं को जेल

**नई दिल्ली।** हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों को लेकर 3 कार्यकर्ताओं को 4.5 महीने की जेल हुई है. हांगकांग के वार्षिक जागरण के तीन पूर्व आयोजकों को राष्ट्रीय सुरक्षा पुलिस डेटा अनुरोध का पालन नहीं करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सजा सुनाई गई है. चाउ हैंग-तुंग, तांग गोक-क्वान और त्सूई होन-क्वोंग को राष्ट्रीय सुरक्षा पुलिस द्वारा सूचना की मांग करने वाले एक नोटिस का पालन करने में विफल रहने के लिए दोषी ठहराया गया था.

## क्या तीसरी बार खट्टर के सिर बंधेगा बीजेपी की जीत का सेहरा

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 2024 में होने वाले विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां तेज हो गई है. बीजेपी के सिर पर दो बार जीत का सेहरा बंध चुका है. ऐसे में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सेना कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती. 2024 में ही लोकसभा चुनाव भी होने हैं. ऐसे में चर्चाएं जोरों पर हैं कि लोकसभा चुनावों के आसपास ही हरियाणा में विधानसभा के चुनावों का बिगुल भी बज सकता है. इसी को देखते हुए बीजेपी ने प्रदेश में बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं. हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा में आज से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई है, जिसे हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है. 14 मार्च तक चलने वाली इस बैठक में चुनावी रणनीति पर खास चर्चा होने की संभावना है. इस बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अलावा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े दिग्गज नेता आने वाले हैं. इसके साथ-साथ 34 विभिन्न संगठनों के 1400 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं. आपको बताते चलें कि हरियाणा में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की




बैठक 12 साल बाद हो रही है. जिसकी एक बड़ी वजह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव भी हैं. 2014 में जहां बीजेपी ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई थी. वहीं बीजेपी 2019 के विधानसभा चुनावों में बहुमत लायक सीटें भी नहीं ला पाई थी. ऐसे में उसे जननायक जनता पार्टी जैसे एक नए दल का सहारा लेकर सरकार बनानी पड़ी. उस चुनाव में हरियाणा बीजेपी के बड़े-बड़े दिग्गज नेता भी चारों खाने चित होते दिखाई दिए थे. यानी उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा था. जबकि जननायक जनता पार्टी का यह हरियाणा में पहला चुनाव था. 2019 के चुनावों से ही हरियाणा में बीजेपी को अपनी लोकप्रियता घटती नजर आ रही है. इसीलिए आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में मुस्लमानों को साधने को लेकर भी रणनीति बनाई जा रही है. बीजेपी किसी भी तरह अपने वोटबैंक को बढ़ाना चाहती है. इस बार हरियाणा में बीजेपी 2019 से सबक लेते हुए हर जिले पर अलग रणनीति बनाने में जुटी है. सभी विधानसभा क्षेत्रों में समीकरण के हिसाब से रणनीति तय हो रही है. सूत्रों का मानना है कि एक पूरी टीम इसके लिए काम करने में जुटी है. बीजेपी के साथ-साथ आरएसएस द्वारा भी ग्राउंड लेवल पर काम किया जा रहा है. ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए एक ठोस जमीन तैयार हो सके. इतना ही नहीं क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण के आधार पर भी काम किया जा रहा है. वहीं अनुसूचित जाति सहित उन जातियों का विश्वास हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है जो कांग्रेस या किसी अन्य दलों के प्रभाव में है. हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के दौरान राहुल गांधी ने पानीपत में ही एक विशाल जनसभा को संबोधित किया था. राहुल ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा था.

## मुरैना एसपी एक्शन में रात्रि पुलिस, कॉम्बिंग गश्त में

# 190 आरोपियों पर की कार्रवाई अपराधियों में मचा हड़कंप

**मुरैना।** मुरैना जिले में पुलिस एक्शन में आ गई है। पुलिस ने 11 मार्च की रात कॉम्बिग गश्त चलाते हुए गिरफ्तारी वारंटी,



जिला बदर इनामी, स्थाई वारंटी इनामी बदमाशों और कई धाराओं के अपराधियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ करते हुए 190 आरोपियों पर कार्रवाई की है।

**मुरैना में शनिवार के दिन चलाया जा रहा कॉम्बिंग गश्त**-प्रदेश भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश में प्रदेश व्यापी कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाशों और अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**मुरैना में 190 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई**-मुरैना में एसपी आशुतोष बागरी, एएसपी रायसिह नरबरिया, व सभी डिबीजन के एसडीओपी, सीएसपी, के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया जहां पुलिस जवानों की पार्टियां बनाकर नाइट कॉन्बिंग गश्त की कार्रवाई की गई। रात भर चली इस कार्रवाई में स्थाई वारंट जो सालो से फरार स्थाई बारंन्टी 42,इनामी बदमाश 03, जिला बदर 10 गिरस्तारी बारन्ट 97 अन्य आरोपियों 22 को पकड़ा गया। टोटल 168 आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है जिनसे एक कट्टा समेत 4 कारतूस भी जब्त किए हैं। पुलिस की अचानक कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मच गया है

**एसपी आशुतोष बागरी भी निकले गश्त पर**-पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कॉम्बिंग गश्त का निरीक्षण किया और पुलिस द्वारा की जा रही कॉम्बिंग गश्त के दौरान उन्हें बैंक एटीएम एवं लॉज, ढावा व धर्मशालाओं को भी चैक करने के निर्देश दिए। एसपी सहित अन्य वरिष्ट पुलिस अधिकारियों के सड़क पर उतरने की सूचना लगते ही बदमाशों में हडकंप मच गया।

**एसपी ने कहा, जारी रहेगी कार्यवाही**-उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों द्वारा गुंडों एवं बदमाशों के घर जाकर उनकी जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में



संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आए आरोपियों को भी चैक किया गया। एसपी ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण रखने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से इस तरह की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।



# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ प्रारंभ

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम नांद में 11 मार्च 2023 को प्रारंभ हुआ विशेष शिविर का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक (जीवाजी विश्वविद्यालय) डॉ रविकांत अदालत वाले एवं जिला संगठक डॉ एसएस खंडेलवाल तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक ग्राम नाद में संचालित है 11 मार्च को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को शिविर स्थल की ओर रवाना किया एवं दोपहर में उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री अमित पड़ैरिया अध्यक्ष जनभागीदारी छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर एसएस गौतम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ केशव सिंह जाटव, डॉक्टर भावना भटनागर, श्री केपी कुशवाह श्री पवन शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े मंच पर उपस्थित रहे इसके साथ ही डॉक्टर बाबूलाल कुम्हारे, डॉ कमल किशोर यादव प्रोफ़ेसर जगदीश आर्य, प्रोफेसर सतीश माहौर श्री वीर सिंह लोधी के अतिरिक्त दल नायक दीपक पाल के साथ 50 स्वयंसेवक शिविर में उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के होर्डिंग, प्लेक्स सामग्री लगाए जाने पर होगी कार्रवाई

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी।** नगरीय निकाय शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक मार्गो, भवनो, चौराहो आदि पर बिना अनुमति के होर्डिंग, प्लेक्स एवं अन्य विज्ञापन सामग्री लगाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवपुरी ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्थान निकाय क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक मार्गो, भवनो, चौराहो पर किसी प्रकार का विज्ञापन यथा होर्डिंग, प्लेक्स एवं अन्य विज्ञापन सामग्री बिना पूर्व स्वीकृति के नही लगाए। शहर के माधव चौक एवं प्रमुख चौराहो पर किसी भी प्रकार की विज्ञापन सामग्री नहीं लगाई जाएगी। यदि कोई निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध सम्पत्ति विरूपण अधिनियम एवं मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन/मीडिया नियम 2017 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## सीआरपीएफ वूमेन बाइक रैली कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**अनिल कुशवाह पत्रकार**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- देश के हम है रक्षक अभियान अंतर्गत नारी शक्ति थीम पर सीआरपीएफ वूमेन बाइक रैली 2023 नई दिल्ली, इंडिया गेट से छत्तीसगढ़ जगदलपुर तक आयोजित की जाएगी। इस रैली अंतर्गत सीआरपीएफ, सीआईएटी स्कूल शिवपुरी द्वारा 13 मार्च को पोलो ग्राउंड शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 13 मार्च को अपराह्न 3 बजे से पोलो ग्राउंड शिवपुरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इसके बाद शाम 4 बजे से वूमेन बाइकर्स का स्वागत किया जाएगा। शाम 4.30 बजे से वूमेन डेयरडेविल्स द्वारा स्टंट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सीआरपीएफ कमांडेंट द्वारा आभार व्यक्त किया जाएगा।

## चुनावी वर्ष में मंत्रियों के प्रभार जिले बदलेंगे

ग्वालियर/भोपाल। विधानसभा के चुनावी वर्ष में मध्यप्रदेश में सत्तारू? भाजपा सरकार जल्दी ही प्रभारी मंत्रियों में बदलाव कर सकती है। यह बदलाव चुनावी वर्ष में प्रभारी मंत्रियों के प्रति कार्यकर्ताओं में ब?ती नाराजगी को देखकर किया जा सकता है। भाजपाई कार्यकर्ता इसलिये नाराज है कि विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री उनकी पूछपरख नहीं कर रहे हैं और प्रभारी मंत्रियों ने अपने एक-दो दर्जन चेले चपाटे बना लिये हैं और प्रभार जिलों के दौरों में उन्हीं चेले चपाटों को लिये फिरते हैं। ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों में यह ज्यादा खराब है, जहां मूल भाजपाईयों की पूछपरख नहीं की जा रही है और मेहमान भाजपाईयों का रूतबा प्रभारी मंत्री के कारण चल रहा है। ग्वालियर में भी भाजपा के वरिष्ठ व दिग्गज कार्यकर्ता नेता आजकल बेहद नाराज चल रहे हैं और उन्होंने संगठन में अपनी बात भी रखी है। सूत्रों के मुताबिक आगामी नवंबर दिसंबर माह में विधानसभा चुनावों को देखते हुये भाजपा आलाकमान अब फूंक-फूंक कर कदम रख रहा हैं और वह किसी भी स्तर पर कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना चाहता हैं, ताकि चुनावों में कार्यकर्ता खुलकर पार्टी के लिये काम करें। बताया जाता है कि भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंची है कि विभिन्न जिलों के प्रभारी मंत्री प्रभार वाले जिलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ प्रभार जिलों की उपेक्षा कर रहे हैं। विशेषकर उन जिलों में जहां भाजपा में कांग्रेस से आये मंत्री (अब भाजपा सरकार में मंत्री) अपने कुछ गिने-चुने चेहरों को ही तबज्जो दे रहे हैं, वह भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं व नेताओं की जमकर उपेक्षा कर रहे हैं जिससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता थक हारकर घर बैठने लगे हैं।

# महिला इंटक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष शांति कुशवाह द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। महिला इंटक कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शांति कुशवाह ने होली मिलन समारोह का आयोजन कराया। कार्यक्रम में श्रीमती शांति राजावत के नेतृत्व

**फाग एवं संगीत का भी कार्यक्रम हुआ**

में बहुजन समाज पार्टी से सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस में सम्मिलित हुए। इस बीच मीडिया से चर्चा करते हुए श्रीमती कुशवाह ने कहा आज हमको कांग्रेस मजबूत करने का अवसर मिला।आज कांग्रेस में शामिल हुए नए सैकड़ों लोग कांग्रेस के लिए काम करेंगे। महिला नेत्री श्रीमती शांति कुशवाह ने सबको गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई पत्रकार बंधु मौजूद रहे। कांग्रेस वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र सिंह कल्लू भारौली,नरेंद्र चौधरी ,एडवोकेट



ओम पाराशर, एडवोकेट वीरेंद्र यादव, दर्शन सिंह तोमर, राहुल सिंह राजावत ,अरविंद सोनी, अमित शिवहरे, राजेश कुमार शाक्य, अशोक कुमार गुप्ता ,विनोद जाटव ,कमलेश जाटव ,रूप सिंह जाटव ,इंद्रजीत जाटव, राजवीर खन्ना ,अभिषेक मौर्य मध्य प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस आदि सहित कई लोग मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई।



## कलेक्टर ने सैनिक स्कूल के अस्थाई रूप से संचालन हेतु स्कूल भवन एवं छात्रावास का किया निरीक्षण

**उमकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज गोहद में सैनिक स्कूल के अस्थाई रूप से संचालन हेतु शासकीय जूनियर छात्रावास गोहद, शासकीय सीनियर छात्रावास गोहद एवं शासकीय मॉडल उमावि गोहद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम गोहद श्री शुभम शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिभुवन सिंह तोमर, एडीपीसी श्री सत्यभान सिंह के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने जूनियर, सीनियर छात्रावास एवं शा.मॉडल उमावि गोहद के भवनों का अवलोकन कर सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले बालकों एवं कन्या तथा शिक्षकों को ठहरने के लिए उचित व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही संपूर्ण व्यवस्था पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## रक्तदान महादान निस्वार्थ सेवा

**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

**पाली जिला स्थित।** सादड़ी अस्पताल में भर्ती मुंडारा निवासी गर्भवती महिला गीता प्रजापति को डिलीवरी के दौरान अचानक दो यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर रक्तदान टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली (गोयल) सादड़ी जिला प्रभारी संजय हीरागर की सूचना पर पहला यूनिट भीटवाडा से



आनंद सिंह जी ने किया दूसरा यूनिट जाटो का गुड़ा से जीवराज जी प्रजापति ने रक्तदान किया और गर्भवती महिला को नया जीवनदान मिला महिला गीता प्रजापति के परिजनों ने रक्तदान टीम और रक्तदाता का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार वक्त किया। रक्तदान टीम प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल ने बताया की हम सिर्फ निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे है। हमने अभी तक बहुत लोगो को रक्त की जरूरत पड़ने पर हमने ब्लड की व्यवस्था कि है यही मेरा धर्म है।

# डाक बगला मुख्य चौराहे पर कई महीनों से मिट्टी का लगा अपार ढेर

## यातायात करते समय कई वाहन हुए दुर्घटनाग्रस्त

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर।** नगर परिषद पिछोर डाक बगला मुख्य चौराहे पर कई महीने बीत चुके हैं लेकिन डाक बंगला मुख्य मार्ग पर अपार मिट्टी का ढेर लगा हुआ है कई महीने बीत चुके हैं लेकिन मिट्टी के ढेर को अभी तक उठाया नहीं गया है डाक बगला मुख्य चौराहे से चार मुख्य सड़क मार्ग जुड़े हुए हैं यातायात वाहन के लिए काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है कई बार तो मिट्टी के ढेर के कारण वाहन यातायात करते समय दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं यातायात वाहन चालक कभी भी हो सकते हैं दुर्घटनाओं का शिकार जब यह जानकारी संबंधित अधिकारी को दी गई तो।



**इनका कहना है**

समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी मिली तो हम डाकबंगला मुख्य चौराहे पर पहुंचे और कचरे का ढेर भारी होने के कारण मजदूरों द्वारा नहीं उठाया जा सकता है इसलिए कल जेसीबी मशीन को बुलवा कर तुरंत ही मिट्टी के ढेर को हटा दिया जाएगा और सफाई करा दी जाएगी।

**नगर पालिका**
**सीएम राघवेंद्र पालिया**


VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
Estd. 2015
MEHGAON, BHIND

वेदांत प्रा. I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7000404914, 7694927881
भिण्ड रोड, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)




!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
CBSE & NCERT BOARD
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पायें
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website
www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
GET IT ON Google Play
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।




# करीला मेले में नृत्यांगनाओं का स्वास्थ्य विभाग ने कराया एचआईवी टेस्ट

**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**



**मुंगावली।** करीला मेले में नृत्यांगनाओ का एचआईवी टेस्ट कराने का मामला सामने आया है जिसके बाद अब क्षेत्र में सियासत गरमा गई है कांग्रेस उक्त मामले को लेकर भाजपा पर हमलावर हो गई है कांग्रेस नेताओं द्वारा जमकर सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से भाजपा पर प्रहार किया जा रहा है अशोक नगर कांग्रेस शहर अध्यक्ष रितेश जैन का कहना है कि यह गंदी मानसिकता को दर्शाता है और यह सिर्फ महिलाओं के चरित्र पर संदेह करना नहीं है उनका कहना है कि यह क्षेत्र की मर्यादा के खिलाफ भी है उन्होंने कहाँ है कि भाजपा ने आज अपनी असली मानसिकता उजागर करते हुए लाखों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र करीला माता मंदिर की परंपरा पर प्रहार किया है । सदियों से चली आ रही राई परंपरा में आने वाली नृत्यांगनाओं का पहली बार एचआइवी टेस्ट कराने के पीछे भाजपा सरकार की मनसा क्या है। राई नृत्यांगनाओं के चरित्र पर शक नही ये करीला मेले पर दाग लगाने का कार्य किया है । क्या इशारा करना चाहती है भाजपा। आस्था के केंद्र के बारे में क्या मनसा बना कर बैठे हैं भाजपा के प्रतिनिधि। वहीं जिला चिकित्सा अधिकारी इसे सामान्य प्रक्रिया बता रहे है। वहीं जिला कलेक्टर कार्यालय जनसंपर्क विभाग से पत्र प्रकाशित किया गया एचआईवी जांच के संबंध में कोई भी पत्र संबंधित विभाग को नहीं लिखा गया प्रश्न तो यह उठता है कि प्रशासकीय आदेश के बिना कैसे एचआईवी की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई गई या यह स्वयं सीएमएचओ अशोकनगर डॉक्टर नीरज छारी द्वारा धार्मिक स्थल पर महिलाओं के सम्मान में प्रश्न चिन्ह लगाया गया।



# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय युवा कोर के लिये आवेदन अब 24 मार्च तक जमा होंगे

**पत्रकार अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के युवा कार्यकम विभाग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय युवा कोर युवा स्वयं सेवक योजनान्तर्गत आवेदन की तिथि 24 मार्च तक बढ़ा दी गई है। उपनिदेशक एस.एन.जयन्त के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों के संचालन एवं भारत सरकार, युवाओं को स्वयं सेवक समूहों में संगठित करके राष्ट निर्माण के लिये उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों /जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यक्ता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने भारत सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार व सफल क्रियान्वयन एवं हेतु एनवायव्ही स्वयंसेवकों का जिले के समस्त विकासखण्डों एक वर्ष की कार्य अवधि के लिये किया जाना है। उपनिदेशक एस.एन.जयन्त के बताया कि आवेदनकर्ता की आयु 1अप्रेल 2023 को 18 वर्ष से 29 वर्ष के बीच की व शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10 वी पास होना चाहिये। चयनित आवेदन कर्ता को जिस विकासखण्ड से आवेदन कर रहा है वहां का मूलनिवासी होना अनिवार्य है। आवेदन कर्ता नियमित रूप से अध्ययनरत/छात्र नहीं होना चाहिये। चयनित आवेदन कर्ता को 5000/- प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जायेगा। योजना की विस्तृत जानकारी व आवेदनपत्र प्रोफार्मा आदि विभाग की बैवसाइट 222.ठ्4द्मह्य.ठ्ढ्ढ.द्धठ्ठ से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र विभाग की बैवसाइट से प्राप्त कर मय दस्तावेजों आयु प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता व अन्य प्रमाण पत्रों कार्यालय नेहरू युवा केन्द्र अनाज मण्डी के पास आर्य समाज रोड शिवपुरी म.प्र. फोन नं 07492-299305 में 24 मार्च 2023 तक जमा करा सकते है।

# विश्व महिला दिवस पर महिला उत्थान मंडल, बेंगलुरु की बहनों ने बापूजी की रिहाई की मांग की

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु।** पूज्य संत आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल, बेंगलुरु द्वारा 8 मार्च- विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला कमिश्नर व मजिस्ट्रेट को बापूजी की रिहाई के लिए ज्ञापन दिया गया। महिला समिति- बेंगलुरु के द्वारा यह संदेश दिया गया कि- लोकहित में अपना पूरा जीवन अर्पित करनेवाले संयममूर्ति ऐसे महापुरुष को षड्यंत्र के तहत झूठे आरोपों में फँसाया गया है। इन आरोपों को सिद्ध करने के लिए न्यायालय के पास एक भी सीधा प्रमाण नहीं है फिर भी पूज्य बापूजी को आजीवन कारावास की सजा दी गयी है। इसी प्रकार एक अन्य सुनियोजित षड्यंत्र के तहत दूसरे केस में अहमदाबाद की एक महिला को मोहरा बनाकर बापूजी को झूठा फँसाया गया है। लड़की के अलग-अलग बयानों में अनेकों विसंगतियाँ होते हुए भी 10 वर्ष से पूज्य बापूजी जेल की यातनाओं को सहते हुए प्रतीक्षारत हैं । लेकिन आखिर यहाँ के भी झूठे- बनावटी केस में बापूजी को आजीवन कारावास की सजा सुना दी गयी है। एक लड़की के सभी झूठे आरोपों को सत्य मानकर देश-विदेश की लाखों-लाखों महिलाओं की सच्ची आवाज को अनसुना किया जा रहा है ! आखिर क्यों ड़ उन्होंने कहा कि- ÷विश्व की 4 प्राचीन संस्कृतियों में से केवल भारतीय संस्कृति ही अब तक जीवित रह पायी है और इसका मूल कारण है कि संस्कृति के आधारस्तम्भ संत-



महापुरुष समय-समय पर भारत-भूमि पर अवतरित होते रहे हैं लेकिन आज निर्दोष संस्कृति रक्षक संतों को अंधे कानूनों के तहत फँसाया जा रहा है ।ज्ञापन में निर्दोष संतों पर हो रहे षड्यंत्र की भर्त्सना करते हुए महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि %संत आशारामजी बापू ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किये हैं। महिलाओं में आत्मबल, आत्मविश्वास, साहस, संयम-सदाचार के गुणों को विकसित करने के लिए महिला उत्थान मंडलों का गठन किया है, जिससे जुड़कर कई महिलाएँ उन्नत हो रही हैं। बापूजी ने संस्कृति-रक्षा, संयम-सदाचार एवं ब्रह्मविद्या, गीता-भागवत के प्रचार-प्रसार में अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया। मातृ-पितृ पूजन दिवस, तुलसी पूजन दिवस, वसुधैव कुटुम्बकम् व सर्वेभवन्तु सुखिन, असतोमा सद्गमयं जैसी लुप्त हो रही परम्पराओं को पुनः आरम्भ कर भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों को पुनर्जीवित किया है । अतः हम करोड़ों बहनें जो उनके समर्थन में खड़ी हैं, हमारी आवाज को क्यों नहीं सुना जा रहा है ड़ आजकल सोशल मीडिया पर जो लगातार ट्विटर ट्रेंड चलाये जा रहे हैं उनको भी नजरअंदाज किया जा रहा है । निर्दोष संत को 10 साल से जेल में रखना भारत देश में एक शर्मनाक कृत्य है । महिला समिति की बहनों ने बताया कि देश भर में महिला मंडल द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु चलें स्व की ओर महिला शिविर का आयोजन, बेटी बचाओ अभियान, तेजस्विनी अभियान, आध्यात्मिक जागरण हेतु युवती एवं महिला संस्कार सभाएं, दिव्य-शिशु संस्कार अभियान, निःशुल्क चिकित्सा सेवा, चल चिकित्सा सेवा, मातृ-पितृ पूजन दिवस, कैदी उत्थान कार्यक्रम, घर-घर तुलसी लगाओ अभियान, गौ-संवर्धन व हर अमावस्या पर गरीबों में भंडारे, दीपावली पर दरिद्रनारायण सेवा आदि समाजोत्थान के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सारे दैवी सेवाकार्य संत आशारामजी बापू की प्रेरणा से चलाए जाते हैं ।



# भाजपा के शासन में भृष्टाचार फलफूल रहा है : डॉ गोविंद सिंह

## नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस की

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*भिण्ड । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताते हुए कहा कि जिले में बड़ते भृष्टाचार के लिए जिला प्रशासन के साथ - साथ भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार को पूर्ण रूप से दोषी ठहराया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि आज जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में भृष्टाचार फलफूल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि बिना सरकार के संरक्षण के किसी भी जगह भृष्टाचार नहीं हो सकता। डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए जो अभी भाजपा की सरकार ने विकास यात्रा निकाली उसमें जनता की गाड़ी कमाई के करोड़ों रुपये खर्च कर दिये,अगर प्रदेश में कहीं भी थोड़ा सा भी विकास ही किया होता तो विकास यात्रा निकालने की जरूरत ही नहीं पड़ती । नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि जिले का ऐसा कोई भी विभाग नहीं बचा जो भृष्टाचार में लिप्त न हो,जिस भी विभाग में देखों वहीं भृष्टाचार फलफूल रहा है । उन्होंने कहा कि आज भृष्टाचार ने तो हद ही कर दी यहां तक कि शिक्षा विभाग और आंगनवाड़ी तक मे भृष्टाचार पूरी तरह फेल चुका है । नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने बताया कि उन्होंने भिण्ड कलेक्टर को कई बार भृष्टाचार को रोकने के सम्बंध में मौखिक और लिखत रूप से जानकारी दी लेकिन लगता है कि जिले में पनपते भृष्टाचार को बड़ावा देने में जिला प्रशासन का ही भृष्टाचारियों को संरक्षण प्राप्त है। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि अगर भिण्ड कलेक्टर ने भृष्टाचार पर शीघ्र ही अंकुश नहीं लगाया तो जल्द ही कांग्रेस पार्टी के बैनर तले बड़े पैमाने पर जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, वरिष्ठ नेतागण रणवीर सिंह, डॉ राधेश्याम शर्मा,सेवादल यूथ बिग्रेड प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी आदि मौजूद रहे।*

# नाडप्रभु केंपेगौड़ा प्रतिमा का अनावरण

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** राज्य केंपेगौड़ा अभिवृद्धी संघ पटेगारपाळ्य द्वारा आयोजित नाडप्रभु केंपेगौड़ा प्रतिमा अनावरण एवं बेंगलूर नगर देवी श्रीअण्णम्मा देवी पूजा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रिया कृष्णा एवं विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत ने अण्णम्मा देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जरूरतमंदों में आवश्यक सामग्री वितरित की गई। आयोजक मधुसूदन गौड़ा ने अतिथियों को सम्मानित किया।

# माना समाज दुल्हापुर ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

माना समाज दुल्हापुर के द्वारा सत्र 2021-22 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन माना समाज समिति दुलापुर के द्वारा किया गया।

# भिंड कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन घेराव के लिए भोपाल हुए रवाना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आज राजभवन का घेराव किया जाएगा। मध्यप्रदेश के हर जिले से कांग्रेसी कार्यकर्ता भोपाल के लिए निकल पड़े हैं। भिण्ड से भी जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की टीमें भोपाल के लिए रवाना हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में लाखों की तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राजभवन का घेराव करेंगे।

# थाना मेहगांव की पहल, कस्बा /ग्राम भ्रमण व पेट्रोलिंग के दौरान रहवासियों से कर रहे संवाद

## रहवासियों को आपराधिक गतिविधियों का शिकार होने से बचने तथा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कर रहे जागरूक

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**मेहगांव।** ग्राम ग्राम जाकर वहां की भौगोलिक व अपराधिक गतिविधियां पर रख रही मेहगांव पुलिस नजर रख रही है। रहवासियों को थाना स्टाफ, बीट प्रभारी तथा स्वयं का



मोबाइल नंबर कराया जा रहा नोट श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश् खरपूसे श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री आरकेएस राठौर के निर्देशन थाना प्रभारी मेहगांव निरी रविन्द्र शर्मा द्वारा अपने बल के साथ लगातार कस्बा/ग्रामों में भ्रमण कर अपराधो व आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने का प्रयास प्रारंभ किया गया है । इसी कड़ी में आज थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने मेहगांव कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर लोगो से संवाद किया, फसल आने पर फसल मंडी में बेचकर पैसे लाने पर लुटेरों से सावधान रहने, घरों पर अनावश्यक नगदी नहीं रखने, कीमती सामान को जिस कमरे में सोते है उसी में साथ रखने, सुना घर छोड़कर नहीं जाने की हिदायत दी साथ ही कोई भी अपराधिक घटनाएं देखने कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को डायल 100 पर थाना स्टाफ, बीट प्रभारी, थाना प्रभारी के मोबाइल पर अवगत कराने की अपील की।

# मुंगावली नगर में स्थित चंद्र प्रभु जिनालय में मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान का महा मस्तकाभिषेक एवं साधर्मी वात्सल्य मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान की शांति धारा करने का अवसर श्री संजय भगत इलेक्ट्रिकल्स एवं श्री शील चंद पांडे। नितेश शुभम रोहित सुंदर लवी अनिल अंकित शशांक वर्धमान जैन साधु सेवा समिति को प्राप्त हुआ इसके अलावा मंदिर में विराजमान सभी जिनेंद्र भगवान की शांति धारा भी की गई। जिसका सौभाग्य श्री। कैलाश सिंघाई। रमेश नायक। सुरेश जी बरिया। स्वदेश जैन। प्रेमचंद जैन। सुरेश नायक। पदम सराफ। सतीश जैन। प्रदीप जैन उत्तम चंद जैन। सुनील जैन दिनेश जैन। अरविंद जैन अभय चौधरी। सुखलाल जैन। विजय जैन। को प्राप्त हुआ। 108 कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य श्री शेखर जैन श्री सुरेंद्र कुमार भगत को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों को भी पुरस्कार वितरण किए गए। एवं कार्यक्रम के पश्चात मिष्ठान वितरण भी किया गया। जिसके पुण्य अर्जक श्री देवेंद्र जी चौधरी एवं राजीव चुनौतिया रहे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज का पूरा सहयोग रहा समस्त कार्यक्रम ब्रह्मचारी मोनू भैया जी चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ।



## राहुलः खुदी को कर बुलंद इतना कि...

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राहुल गांधी का भाषण पहले केंब्रिज विश्वविद्यालय में हुआ, फिर ब्रिटिश संसद में हुआ और फिर लंदन के चेथम हाउस में हुआ। इन तीनों संस्थाओं में मैं पिछले 50-55 साल से जाता रहा हूं। मुझे आश्चर्य हुआ कि हमारे नेताओं में एक नेता इतना योग्य निकला कि इन विश्व-प्रसिद्ध संस्थाओं में भाषण देने के लिए उसे बुलाया गया। मेरा सीना गर्व से फूल गया। लेकिन सच यह है कि इन संस्थाओं के सभा-भवनों को कोई भी किराए पर बुक कर सकता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और सांसद हैं, इस नाते सरकार की आलोचना करने का उन्हें पूरा अधिकार है लेकिन यह काम बड़ी सावधानी से किया जाना चाहिए। ऐसी अतिवादी बातें नहीं कही जानी चाहिए जिनसे देश की छवि बिगड़ती हो, हालांकि भाजपा के प्रवक्ता जरूरत से ज्यादा परेशान मालूम पड़ते हैं। उन्हें क्या यह पता नहीं है कि विदेशी लोग राहुल की बातों को उतना महत्व भी नहीं देते, जितना हमारी जनता के कुछ लोग दे देते हैं। राहुल की इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता है कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। यदि भाजपा पर मोदी के शिकंजे की तरफ वे इशारा कर रहे हैं तो वह तो ठीक है लेकिन क्या नेहरु, इंदिरा और सोनिया-काल में ऐसा ही नहीं था। और अब तो कांग्रेस बिल्कुल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। देश की सभी पार्टियां अब कांग्रेस के ही ढर्रे पर चल पड़ी हैं। इसके बावजूद देश में लोकतंत्र जिंदा है, इस सत्य का सबूत यह तथ्य है कि हर पांच-दस साल में इधर हमारी सरकारें उलटती-पलटती रही हैं। यदि भारत में तानाशाही होती तो राहुल गांधी, नरेंद्र मोदी और छोटे-मोटे नेताओं के कई अनर्गल बयानों को क्या हमारे अखबार और टीवी चैनल प्रसारित कर सकते थे? लोकतंत्र की हत्या तो इंदिराजी के आपात्काल में ही हुई थी। क्या वैसी हालत आज भारत में है? राहुल को अमेरिका और यूरोप के देशों से यह कहना कि वे भारत के लोकतंत्र को बचाएं, अपनी हैसियत को हास्यास्पद बनाना है। पता नहीं, हर भाषण के पहले राहुल को कौन अपरिपक्व सलाहकार गुमराह कर देता है? कांग्रेस खत्म हो रही है, कुछ भाजपाइयों का यह कहना अनुचित है। कांग्रेस का मजबूत होना भारत के लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है लेकिन राहुल का यह कहना कि संघ सांप्रदायिक और तानाशाही संगठन है, यह भी गलत है। संघ-प्रमुख मोहन भागवत ने इधर मुस्लिम नेताओं, बुद्धिजीवियों और मौलानाओं को मुख्यधारा में लाने का जैसा प्रयत्न किया है, किसी पार्टी के नेता ने भी नहीं किया है। यह ठीक है कि संघ में आंतरिक चुनाव नहीं होते लेकिन राहुल बताए कि किस पार्टी-संगठन में आंतरिक चुनाव होते हैं? जिन संगठनों को आम चुनाव नहीं लड़ने हैं, उनके अंदर चुनाव अनिवार्य क्यों हों? क्या संघ कोई राजनीतिक पार्टी है? राहुल ने कहा कि संसद में उन्हें बोलने की अनुमति नहीं मिलती। कुछ हद तक यह ठीक है लेकिन आपके बोलने में कुछ दम तो होना चाहिए। विपक्ष को जितनी अनुमति मिलती है, क्या वह उसका सदुपयोग कर पाता है? मुझे याद है कि 1965-66 में डॉ. राममनोहर लोहिया को संसद में 5 मिनिट का भी मौका मिलता था, तो भी उसी में इंदिरा सरकार को वे थर्रा देते थे।

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निभा रहा है अहम भूमिका

प्रहलाद सबनानी

भारत में पिछले 97 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना का संचार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्ष 1925 (27 सितम्बर) में विजयदशमी के दिन संघ के कार्य की शुरुआत ही इस कल्पना के साथ हुई थी कि देश के नागरिक स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत और व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त होने चाहिए। आज संघ, एक विराट रूप धारण करते हुए, विश्व में सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन बन गया है। संघ के शून्य से इस स्तर तक पहुंचने के पीछे इसके द्वारा अपनाई गई विशेषताएं यथा परिवार परंपरा, कर्तव्य पालन, त्याग, सभी के कल्याण विकास की कामना व सामूहिक पहचान आदि विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। संघ के स्वयंसेवकों के स्वभाव में परिवार के हित में अपने हित का सहज त्याग तथा परिवार के लिये अधिकाधिक देने का स्वभाव व परस्पर आत्मीयता और आपस में विश्वास की भावना आदि मुख्य आधार रहता है। ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की मूल भावना के साथ ही संघ के स्वयंसेवक अपने काम में आगे बढ़ते हैं। वैश्विक स्तर पर कई देशों में तो संघ की कार्य पद्धति पर कई शोध कार्य किए जा रहे हैं कि किस प्रकार यह संगठन अपने 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है। आज जब कई देशों में अलगाववाद के बीज बोकर भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ऐसे माहौल में संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है। मुट्ठीभर विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर कई सैकड़ों वर्षों तक राज किया क्योंकि हम सब एक नहीं थे। इसलिए संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही देश के लिए समाज को एकजुट करना था, है और रहेगा, जिसे पूर्ण करने हेतु ही परम पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी और आपने एकशः संपत का मंत्र दिया था कि उच्च जाति के हो या निम्न जाति के, पहले अपना अहंकार छोड़कर और दूसरे अपनी लाचारी या हीनता छोड़कर तथा अमीर हो या गरीब, विद्वान हो या अज्ञानी सब एक पंक्ति में खड़े हों, यही संघ का मुख्य उद्देश्य भी है।

समाज और राष्ट्र को प्रथम मानने वाले संघ में व्यक्ति गौण होता है। संघ ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और संघ के प्रचारकों या स्वयंसेवकों ने जो दायित्व प्राप्त किए वे भी प्रचार से दूर रहे, संघ का और स्वयंसेवकों का कार्य उनकी लग्न और त्याग देश के सामने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस लम्बी यात्रा में वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर चुका है। व्यक्ति निर्माण, त्याग और राष्ट्रभक्ति के संस्कार से ओतप्रोत संघकार्य आज दुनिया के सम्मुख है। आपदा में अद्वितीय सेवाकार्य और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता के संघ के गुणों को विरोधी भी स्वीकारते हैं। संघ की योजना प्रत्येक गांव में, प्रत्येक गली में अच्छे स्वयंसेवक खड़े करने की है। अच्छे स्वयंसेवक का मतलब है जिसका अपना चरित्र विश्वासप्रद है, शुद्ध है। जो सम्पूर्ण समाज को, देश को अपना मानकर काम करता है। किसी को भेदभाव से शत्रुता के भाव से नहीं देखता और इसके कारण जिसने समाज का स्नेह और विश्वास अर्जित किया है। संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है। संघ की कार्यपद्धति में पंथ - उप पंथ, जातीय मतभेद आदि बातें उपस्थित हो ही नहीं सकती क्योंकि संघ सम्पूर्ण हिन्दू



समाज में एकता लाने की दृष्टि से कार्य करता है। संघ में छुआ छूत की भावना तो कभी की समाप्त हो चुकी है क्योंकि संघ में सभी जातियों के लोग एक झंडे के नीचे काम करते हैं।

हाल ही के समय में देश भर में संघ का कार्य बहुत तेजी से फैला है। दैनिक शाखाओं में 61 प्रतिशत शाखाएं छात्रों की हैं और 39 प्रतिशत व्यवसायी शाखाएं हैं। संघ की दृष्टि से देशभर में 6506 खंड हैं, इनमें से 84 प्रतिशत से अधिक खंडों में शाखाएं हैं। 59,000 मंडलों में से लगभग 41 प्रतिशत से अधिक मंडलों में संघ का प्रत्यक्ष शाखा के रूप में कार्य है। 2303 नगरीय क्षेत्रों में से 94 प्रतिशत नगरों में शाखा का कार्य चल रहा है एवं आने वाले दो वर्षों में सभी मंडलों में संघ की शाखा हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ कार्य एक लाख स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। 2017 से 2022 तक संघ की वेबसाइट में 'जोइन आरएसएस' के माध्यम से 20 से 35 आयु वर्ग के लगभग 1 लाख से 1.25 लाख युवाओं ने प्रतिवर्ष संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

कोरोना महामारी के दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने समाज के साथ मिलकर सक्रियता के साथ सेवा कार्य किया था। लगभग 5.50 लाख स्वयंसेवकों ने महामारी के पहले दिन से ही सेवा कार्य प्रारम्भ कर दिया था तथा पूरे समय समाज के साथ सक्रिय सहयोग किया।। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां बहुत बड़ी संख्या में मठ, मंदिर, गुरुद्वारों से बहुत बड़ा वर्ग सेवा कार्य के लिए निकला। यह एक जागरूक राष्ट्र के लक्षण हैं। साथ ही संघ द्वारा धर्म जागरण, कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, गौसंवर्धन एवं ग्रामीण विकास का कार्य बहुत अच्छी मात्रा में एवं अच्छी गति के साथ चलाया जा रहा है।

संघ द्वारा हाल ही के समय में सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर देश के हित में कुछ नवोन्मेष कार्य करने का प्रयास भी किया गया है। देश में बेरोजगारी कम करने एवं देश के नागरिकों को स्वावलंबी बनाए जाने के पवित्र उद्देश्य से स्वावलम्बन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए प्रेरणा प्रदान करने के साथ ही इस सम्बंध में आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। कुछ राज्यों के स्थानीय इलाकों में तो एक वृहद सर्वे के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास भी किया गया कि इन स्थानीय इलाकों में किस प्रकार के रोजगार की आवश्यकता है एवं किस प्रकार के कुटीर एवं लघु उद्योग इन इलाकों में प्रारम्भ किये जा सकते हैं ताकि इन इलाकों में इन बेरोजगार युवाओं द्वारा इन उद्योगों को प्रारम्भ कर अन्य युवाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसर निर्मित किए जा सकें। साथ ही, स्थानीय उद्योगों से भी आग्रह किया गया कि वे स्थानीय लोगों को ही रोजगार प्रदान करने के प्रयास करें ताकि इन इलाकों से युवाओं के पलायन को रोका जा सके। स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर ही युवाओं में कौशल विकसित करने हेतु भी प्रयास किए जा रहा हैं।

### इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है। आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

## ख़ाली डब्बा - लुटते लोग

निर्मल रानी

कभी कभी अपने बुज़ुर्गों की दूरदर्शिता के बारे में सोचकर बहुत आश्चर्य होता है। 1968 में रिलीज़ हुई मुंबई सिनेमा की सुपरहिट फ़िल्म नीलकमल में साहिर लुधियानवी के लिखे गीतों में एक प्रमुख एवं लोकप्रिय गीत था ख़ाली डिब्बा खाली बोतल, ले ले मेरे यार - ख़ाली से मत नफ़रत करना ख़ाली सब संसार। साहिर लुधियानवी द्वारा 55 वर्ष पूर्व लिखे गये इस गीत के एक एक शब्द आज अक्षरशः सही साबित हो रहे हैं। जिस तरह बाज़ार में मिलावट ख़ोरी का बोलबाला है। आटा से लेकर मिर्च मसाला ,दूध घी सब कुछ बाज़ार में असली कम परन्तु मिलावटी अधिक उपलब्ध है, इस गीत में इन सभी वास्तविकताओं पर तफ़सील से रौशनी डाली गयी है। और इसी गीत का मुखड़ा यानी ख़ाली डब्बा ये तो न केवल लगभग सौ प्रतिशत चरितार्थ हो रहा है बल्कि लूट खसोट की यह व्यवसायिक मानसिकता फ़ैशन का रूप भी धारण कर चुकी है।

आज आप खाने पीने के किसी भी बड़े से बड़े ब्रांडेड आउटलेट पर चले जायें या फिर इलाक़े की प्रसिद्ध मिठाई की दुकानों या बेकरी आदि पर, आपको लगभग हर जगह बड़े और वज़नी डिब्बे मिलेंगे। इन डिब्बों को दुकानदार सरे आम हज़ारों रूपये प्रति किलो की मिठाई के साथ तोलता है। डब्बों के अंदर गत्ते की ही लाइनें इस तरह विभाजित कर दी जाती हैं ताकि उनमें कम से कम मिठाई आये परन्तु देखने में डिब्बा भरा लगे। इसी तरह हज़ारों रूपये क़ीमत के गिफ़्ट पैक में थोड़ी सी काजू किशमिश या बादाम आदि रख कर दो तीन गत्ते के डिब्बे या बोतलों में आधा भरकर गत्ते के बड़े,सुन्दर व भारी भरकम डब्बों में पैक कर लैमिनेट कर दिया जाता है ताकि ग्राहक या उपभोक्ता उसे जल्दी खोलने की कोशिश भी न करे और अपने घर जाकर ही खोले। फिर चाहे जश्न मनाये या अपना सिर पीटे, परन्तु अपनी जेब ज़रूर दुकानदार को झाड़ता जाये। यहाँ यह बताना भी ज़रूरी है कि सरकार की तरफ़ से



त्यौहारों के समय मिष्ठान विक्रेताओं को प्रायः यह निर्देश दिये जाते हैं कि वे मिठाई के साथ डिब्बे का वज़न न करें। इसके लिये क़ानून भी बनाये गए हैं। परन्तु लगभग पूरे देश में मिष्ठान दुकानदार धड़ल्ले से मिठाई की क़ीमत पर ही गत्ता भी तौल रहे हैं। और अफ़सोस तो यह कि इन भ्रष्ट दुकानदारों की हौसला अफ़ज़ाई भी उपभोक्ताओं का वही बड़ा नव धनाढ्य वर्ग कर रहा है जो स्वयं को लुटता देख कर भी ख़ामोश रहने में ही अपनी रईसी की शान समझता है। इसी तरह पूरे बाज़ार में तरह तरह के चिप्स,कुरकुरे और न जाने क्या क्या खाद्य पदार्थ आदि उपलब्ध हैं। इन सभी में माल से अधिक हवा भरी रहती है। इन पाउच के अंदर क्या है यह किसी को पता नहीं चलता क्योंकि इनके दोनों और गूढ़े रंगों में कंपनी अपने ट्रेड मार्क, नाम आदि छापती है। जबकि क़ायदे से एक ओर पारदर्शी पन्नी होनी चाहिये ताकि ग्राहक को पता चल सके कि जिस खाद्य सामग्री को वह ख़रीद रहा है उसकी रंगत,शक्ल सूरत और स्थिति कैसी है। चीन में ज़्यादातर पाउच एक ओर छपे हुये होते हैं और दूसरी तरफ़ पारदर्शी । क्योंकि वहां उपभोक्ता हितों का ध्यान रखा जाता है। हमारे देश में उपभोक्ताओं के हितों की कोई फ़िक्र नहीं जबकि उपभोक्ता हितों का संरक्षण करने वाले तमाम क़ानून भी मौजूद हैं। देश में उपभोक्ता दिवस भी मनाया जाता है और देश भर में उपभोक्ता अदालतें भी मौजूद हैं। कुछ दिन पूर्व देश में इस समय तेज़ी से फैल चुकी एक विदेशी बेकरी कंपनी द्वारा बेचा जाने वाला एक बिस्कुट का डिब्बा हाथ लगा। इस कंपनी का केक,पेस्ट्री,बन,ब्रेड आदि ख़रीदना लोग अपना स्टेट्स सिंबल समझते हैं। मात्र 250 ग्राम बिस्कुट के इस गोल प्लास्टिक के डिब्बे की क़ीमत थी लगभग एक हज़ार रूपये। इस डिब्बे में एक एक बिस्कुट (कुकीज़ ) अलग अलग पन्नी में सील था। इसकी क़ीमत देखकर स्वभावतः इस बात का गुमान हुआ कि हो न हो यह बिस्कुट निहायत ही लज़ीज़ व असाधारण होगा। परन्तु यक़ीन जानिये कि वह बिस्कुट स्वाद में न तो मीठा था न ही ख़स्ता न ही क्रंची।

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक कदम (लेखक - कुमार कृष्णन/ईएमएस)

लोकतंत्र आम आदमी के हाथों में शांतिपूर्ण बदलाव की सुविधा देता है। किसी भी लोकतंत्र की साख उसकी पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर निर्भर करती है लोकतंत्र का मतलब है कि तमाम लोकतांत्रिक संस्थाएं बिना किसी दबाव के काम करें और उनकी विश्वसनीयता पूरी तरह बनी रहे।मुख्य चुनाव आयुक्तों और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में संविधान की चुप्पी और कानून की कमी के कारण जो रवैया अपनाया जा रहा है वह परेशान करने वाली परंपरा है।

भारतीय संविधान की धारा 324 के अनुसार हमारे चुनाव आयोग को स्वायत्तता प्राप्त है। संविधान का अनुच्छेद-324 का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की बात करता है लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में बात नहीं करता है। 73 साल में ऐसा नहीं किया गया और यही कारण है कि समय–समय पर केंद्र सरकारों ने इस प्रक्रिया का अपने हित में इस्तेमाल किया है। 2004 के बाद से कोई भी मुख्य चुनाव आयुक्त छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में 6 मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। जबकि एनडीए के 8 साल के कार्यकाल में 8 मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने की शक्ति को एकमात्र कार्यपालिका के अधिकार-क्षेत्र से हटा देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से चुनावों की निगरानी करने वाली चुनाव आयोग की आजादी को निश्चित रूप एक बड़ा बढ़ावा मिला है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाली एक तीन सदस्यीय समिति एक कानून पारित होने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगी। संविधान पीठ का यह फैसला ऐसे समय आया है जब निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता काफी दागदार हो चुकी है। इसलिए फैसले की अहमियत जाहिर है। यों तो पहले भी कभी-कभार निर्वाचन आयोग के निर्णयों पर सवाल उठे थे, पर कुल मिलाकर आयोग ने अपनी साख बनाए रखी थी।

अब तक होता आया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति की ओर से जारी



अधिसूचना से होता है। इसके लिए विधि मंत्रालय नामों की सिफारिश प्रधानमंत्री को करता है और फिर प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद राष्टपति से नियुक्ति पर मुहर लगाई जाती है। आमतौर पर नौकरशाह की नियुक्ति इस पद पर की जाती है। इसका अधिकतम कार्यकाल छह साल होता है या 65 साल की उम्र तक इस पर चुनाव आयुक्त बने रह सकते हैं इनमें जो पहले आता है उस लागू होता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर 2018 को उस जनहित याचिका को संवैधानिक पीठ को भेज दिया था जिसमें कहा गया है कि चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कलीजियम की तरह सिस्टम होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करना संविधान के अनुच्छेद-14 व अनुच्छेद 324 (2) का उल्लंघन है।

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई जनहित याचिकाएँ दाखिल कर इसके लिए कानून बनाने की माँग की गई थी। इस संबंध में पहली जनहित याचिका 2015 में अनूप वर्णवाल ने दायर की थी। इसको लेकर साल 2018 में भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दायर किया था।चुनाव आयुक्त की संख्या को लेकर संविधान में कोई निश्चित नंबर निर्धारित नहीं है।

संविधान 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं। ये राष्टपति पर निर्भर करता है कि इनकी संख्या कितनी होगी।

आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त होते थे। 16 अक्टूबर 1989 को प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने दो और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की। इससे चुनाव आयोग एक बहु-सदस्यीय निकाय बन गया। ये नियुक्तियां 9वें आम चुनाव से पहली की गई थी। उस वक्त कहा गया कि यह मुख्य चुनाव आयुक्त आरवीएस पेरी शास्त्री के पर कतरने के ली की गई थी। 2 जनवरी 1990 को वीपी सिंह सरकार ने नियमों में संशोधन किया और चुनाव आयोग को फिर से एक सदस्यीय निकाय बना दिया। साल 1993 में नरसिम्हा राव सरकार ने फिर अध्यादेश के माध्यम से दो और चुनाव आयुक्तों की नियक्ति को मंजूरी दी। तब से चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो चुनाव आयुक्त होते हैं।

चुनाव सुधारों को लेकर दिनेश गोस्वामी कमेटी 1990 में बनी थी। उसकी सिफारिश कभी अमल में नहीं लाई गई। सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जो आदेश दिया है, वह दिनेश गोस्वामी कमेटी की सिफारिशों पर आधारित है। इस मामले की सुनवाई में संविधान पीठ ने इस कमिटी का जिक्र भी किया था। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में समिति में प्रधानमंत्री को भी रखा है। दरअसल,

इसके बाद इस मामले को संविधान पीठ को भेज दिया गया था।

## रिजिजू का राहुल गांधी को पप्पू कहना

सनत जैन

केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी को एक बार फिर पप्पू कहकर संबोधित किया। इससे कांग्रेस के नेता भड़क गए हैं। कांग्रेस समाचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने इसके जवाब में कानून मंत्री किरण रिजिजू को कलंक कहा है। राहुल गांधी ने कैंब्रिज में जो भाषण दिया था, उसका वीडियो ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा था कि कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार ने सारी हदें लांघ दी हैं। यह आदमी भारत की एकता के लिए बेहद खतरनाक है। यह लोगों को भारत को बांटने के लिए उकसा रहा है। रिजिजू ने एक-दूसरे ट्वीट में लिखा था कि भारत के लोग जानते हैं कि राहुल गांधी पप्पू है। लेकिन विदेशियों को पता नहीं है कि राहुल गांधी हकीकत में पप्पू है। राहुल के फूलिश स्टेटमेंट पर प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, भारत की छवि को बिगाड़ने के लिए वह इस तरीके के बयान दे रहे हैं। इन दोनों ट्वीट के जवाब में कांग्रेस नेता भड़क कर पलटवार कर रहे हैं। जयराम रमेश की टिप्पणी तो ऊपर लिखी जा चुकी है। जिसमें उन्होंने रिजिजू को कलंक बताया। वहीं सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत ने कानून मंत्री पर पलटवार करते हुए कहा, रिजिजू का अस्तित्व सिर्फ राहुल गांधी पर झूठे आरोप लगाने के कारण ही टिका हुआ है. इसलिए वह इस तरह के आरोप लगाते हैं। भारत की राजनीति में जिस तरह से आरोप-प्रत्यारोप के दौर चल रहा है। उसमें शब्दों की मर्यादा भी कहीं से कहीं तक देखने को नहीं ?मिलती है। जितने नीचे जाकर गुंडागर्दी की भाषा में एक दूसरे के लिए शब्दों का उपयोग कर सकता है, वह कर रहा है। जिस तरीके की स्थितियां देखने को मिल रही हैं। उसके बाद ऐसा लगने लगा है कि जो सत्ताधारी दल है, वह अपने आप को सर्वोच्च बताने के लिए सुप्रीम कोर्ट को भी अपने अधीन बनाना चाहता है। हाल ही में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने एक बयान दिया उसमें उन्होंने सरकार और सरकार के निर्णयों एवं संसद को सर्वोच्च बताया। संविधान केवल मार्गदर्शी है। इसका मतलब यही हुआ कि आपातकाल जब इंदिरा गांधी ने लगाया था, संसद ने उसकी मंजूरी दी थी।



# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं के लिये ई-केवायसी हेतू बैंकों में पृथक काउण्टर की होगी व्यवस्था

## पात्र महिलाओं की जानकारी एकत्रित करने जारी है घर घर सर्वे

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन , उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दृष्टि से शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना -2023 प्रारंभ की गई है। योजना में पात्र महिलाओं को 1000 रुपये की राशि प्रति माह उनके स्वयं के आधार लिंक्ड - डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते में जमा की जायेगी। शासन की उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु महिलाएं बैंक में खाता खुलवाने , इकेवायसी अपडेट करवाने, आधार अपडेट करवाने आदि कार्य हेतु बैंक में सम्पर्क करेगी, उनके कार्य का त्वरित गति से निराकरण हो जाये, इस हेतु यह आवश्यक होगा कि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आई हुई महिलाओं के लिये एक पृथक काउण्टर की व्यवस्था कराई जाये। इस संबंध में बालाघाट कलेक्टर ने पत्राचार के माध्यम



से सभी बैंकों को निवेदन किया है कि शासन की उक्त महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु आपकी बैंक में जिले की पात्र मुख्यमंत्री लाड़ली बहना को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी । अधीन बैंकों का तत्संबंधी निर्देश प्रसारित करवाने की व्यवस्था करने का कष्ट करें एवं आगामी बीएलबीसी बैठक में उक्त एजेण्डा पर चर्चा भी सुनिश्चित की जाये।

**आंगनबॉड़ी कर्मी, पटवारी, सचिव, जीआरएस, ग्राम रक्षक कर रहे हैं सर्वे-** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दल का गठन किया गया है, जिसमें आंगनबॉडीकर्मीयों, पटवारी, सचिव, जीआरएस, ग्राम रक्षक, ग्रामीण आजीविका समूह की दीदीयां एवं जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता ने सर्वे का काम शुरू कर दीया है। सर्वे में घर-घर जाकर 23 वर्ष से उपर एवं 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के सबंध में जानकारी एकत्र करके उनकी सूची तैयार करने के साथ ही महिलाओं के समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता के सबंध में जानकारी एकत्र कर रही है। सर्वे में पात्र महिलाओं का चिन्हांकन कर सूची तैयार कर सर्वे में चिन्हांकित पात्र महिलाओं की समग्र ईकेवायसी एवं बैंक खाता को आधार से लिंक एवं डी.बी. टी . सक्रिय करने हेतु मार्गदर्शिका दी जा रही है।




## माना समाज दुल्हापुर ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ, पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

माना समाज दुल्हापुर के द्वारा सत्र 2021-22 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन माना समाज समिति दुलापुर के द्वारा किया गया।

## भिंड कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन घेराव के लिए भोपाल हुए रवाना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आज राजभवन का घेराव किया जाएगा। मध्यप्रदेश के हर जिले से कांग्रेसी कार्यकर्ता भोपाल के लिए निकल पड़े हैं। भिण्ड से भी जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की टीमें भोपाल के लिए रवाना हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में लाखों की तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राजभवन का घेराव करेंगे।

## भूपेश बघेल का अंतिम बजट रहा फैल : रंजन यादव

**संवाददाता हेमचंद नागेश**




06 मार्च को भूपेश बघेल कि सरकार ने अपना अंतिम बजट पेश किया यह बजट न केवल अंतिम था ओर बल्कि यह बजट सब से छोटा बजट था जो कम समय में तैयार किया गया था । वही जब शिक्षा के क्षेत्र में भुपेश के भरोसे का बजट आता है तो फिर से धोका लोगों के हाथ लगता है घोषण तो बड़ी बड़ी कर दी जाती है पर धरातल पर कुछ भी नहीं दिखता इस बार सरकार ने 23 नये महाविद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया जिसका स्वागत है किन्तु पिछले 5 सालों में जो ऐसे महाविद्यालयों की घोषण की है जो आज भी अपने मुल भवन के लिये तरस रहे है। जिसका उदा. गोहरापदर नवीन महाविद्यालय भी है। युवकों को रोज़गार मुहइय नहीं करा पा रही सरकार अब बेरोज़गारी भता देने की बात करती है जो पिछले 4 सालों से सो रही थी।अब प्रदेश में बेरोज़गारी दर 0.4त्न है पता नहीं कितनो को बेरोज़गारी भता मिलेगा। भुपेश सरकार का अंतिम बजट एक चुनावी बजट ये भरोसे का बजट नहीं ये धोके का बजट है।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला प्रभारी,सहप्रभारी ने ली बैठक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गरियाबंद में भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू,सह प्रभारी अजय नायक, आकाश पांडेय जी का प्रथम आगमन हुआ युवा मोर्चा के साथियों द्वारा जोरदार स्वागत किये तथा स्मृति चिन्ह एवं गमछा भेंट किया कामकाजी बैठक में जिले के भाजपा जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर जी उपस्थित रहे मोर आवास मोर अधिकार को लेकर घर घर तक जाने निमंत्रण देने मंडल बैठक तथा 15 मार्च को विधान सभा घेराव करने में युवाओं की सक्रिय भूमिका रखने का दिया निर्देश इस अवसर पर विधानसभा घेराव का पोस्टर अनावरण किये तथा 15 मार्च को रायपुर चलो रायपुर चलो विधानसभा घेराव के लिए आह्वाहन का दीवाल लेखन कार्य किया । बैठक में भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में युवा मोर्चा को सक्रिय होकर काम करने के लिए निवेदन किये साथ ही मंडल बैठक के लिए प्रभारी का नियुक्ति कर बैठक 13 मार्च तक संपन्न करने के लिए कहा सह प्रभारी अजय नायक द्वारा युवा मोर्चा को संबोधित करते हुए 15 मार्च के विधानसभा घेराव में प्रत्येक बूथ से उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए कहा गया वही सहप्रभारी आकाश पांडेय द्वारा उपस्थिति ली गयी एवं कमजोर संख्या के लिए सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति के लिए जोर दिया गया भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने अपने उद्बोधन में युवा साथियों से सक्रिय होकर काम करने के लिए निवेदन किया तथा संत यात्रा में भी युवा मोर्चा की भूमिका हो इस दृष्टि से भी सबकी उपस्थिति के लिए बात रखी इस बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र साहू, नंदनी नेताम भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रिकेश साहू, आशीष साहू, तोरण सागर जिला महामंत्री युगल समदरिया, जिला मंत्री प्रतीक तिवारी, प्रेमलाल तोडर कोषाध्यक्ष वंश सिन्हा दीपक साहू लीलेश डोंगरे,मनीष साहू,आकाश राजपूत संजू निर्मलकर,मंडल अध्यक्ष गोलू साहू गुलशन सिन्हा महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, गौतम शर्मा,दीपक मनीष साहू,सौरभ महोबिया सागर एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।







# मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में अब अन्य अनाथ बच्चों को भी मिलेगी पेंशन: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

**दमोह / गोाकोटा ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड सक्रमंण के दौरान माता-पिता की मृत्यु होने से अनाथ बच्चों के लिए लागू पेंशन योजना के दायरे में अब ऐसे अन्य अनाथ बच्चों को भी शामिल किया जायेगा, जिनके माता-पिता नहीं है। मुख्यमंत्री चौहान ने

### 2100 कन्याओं का विवाह, सामाजिक समरसता का महायज्ञ, मंत्री श्री गोपाल भार्गव 21 हजार गरीब कन्याओं के विवाह का महा-संकल्प हुआ पूरा

मंत्री गोपाल भार्गव की पहल पर सागर जिले के गड़ाकोटा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में आज हुए 2100 गरीब कन्याओं के विवाह को सामाजिक समरसता का महायज्ञ बताया। मुख्यमंत्री सागर जिले के गड़ाकोटा स्थित रहस्य मेला मैदान में योजना के 20वें पुण्य विवाह समारोह में शामिल हुए। विवाह समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी वर-वधु को आर्शीवाद दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मंत्री भार्गव केवल राजनेता ही नहीं समाज-सेवक और विकास पुरूष भी है। प्रदेश के विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते है। उन्होंने 21 हजार कन्याओं का विवाह कराकर समाज-सेवा का जो इतिहास बनाया, वह अनुकरणीय है। उन पर हम सभी को गर्व है। भार्गव ने यह सिद्ध किया कि राजनीति पेशा नहीं समाज-सेवा है। मुख्यमंत्री ने विवाह समारोह को सामाजिक सेवा का महाकुंभ भी बताया, जिसमें एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सभी बेटियाँ सुखी रहें। कोई भी माता-पिता अपनी बेटी के विवाह को लेकर परेशान नहीं हो। प्रदेश सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर पड़ाई और फिर बाद में विवाह के लिए योजना लागू की है। अब महिलाओं के कल्याण की सबसे बड़ी योजना लाड़ली बहना शुरू की गई है, जिससे पात्र सभी महिलाओं के बैंक खाते में एक हजार रूपये प्रतिमाह राशि डाली जायेगी। बेटियों, बहनों और महिलाओं के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना मध्यप्रदेश सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। लाड़ली बहना योजना में शामिल होने के लिए महिलाओं को यहाँ-वहाँ भटकने की जरूरत नहीं होगी, गाँव, शहर के वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन लिए जायेंगें। मुख्यमंत्री चौहान ने विवाह समारोह में शामिल सभी नव-दंपतियों को सुखी और सफल जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए आशीर्वाद दिया। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी तकलीफ में अकेले गोपाल भार्गव ही नहीं, मामा शिवराज सिंह चौहान भी उनके साथ खड़ा रहेगा। मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों ने नव-दंपतियों का पुष्प-वर्षा कर अभिवादन किया और प्रतीक स्वरूप कुछ दंपत्ति को उपहार सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री चौहान ने सामूहिक विवाह महायज्ञ के लिए मंत्री भार्गव का भी स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्री गोपाल भार्गव की मांग पर शाहपुर में डिग्री कॉलेज स्वीकृत करने की घोषणा भी की। मंत्री गोपाल भार्गव ने बताया कि बीस साल पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न कराने की शुरूआत कराई थी। उन्होंने बताया कि 20 साल पहले मैंने छोटे रूप में इसकी शुरूआत की थी, जो अब विशाल स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक भी बेटी ऐसी नहीं होना चाहिए, जिसके हाथ आर्थिक तंगी के अभाव में पीले नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने परिणय-सूत्र में बंधने वाली बेटियों से कहा कि जब तक गोपाल भार्गव जीवित है, धर्मपिता के रूप में वह आपके काम आयेगा। अब मध्यप्रदेश का कोई भी गरीब चाहेगा तो उनकी बेटी का विवाह वे संपन्न करायेंगे। भार्गव ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र अभिषेक भार्गव और पुत्री डा. अवंतिका भार्गव की शादी भी ऐसे ही सामूहिक विवाह समारोह में की थी, बाद में किसी बड़े होटल या फाईव स्टार होटल में रिसेप्शन भी नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को लोक कल्याण और सामाजिक समरसता की योजना बताया। सांसद बी.डी. शर्मा ने कन्यादान को भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा दान बताया। उन्होंने कहा कि मंत्री गोपाल भार्गव ने 21 हजार गरीब कन्याओं का विवाह कराकर पुण्य और यश का कार्य किया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 20 वें विवाह समारोह में सभी धर्मों और समाजों के बेटे-बेटियों का विवाह हुआ। ऐसे आयोजन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में होने चाहिए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हुए इस भव्य समारोह में नव-दंपतियों और उनके परिवार में भारी उत्साह देखा गया।




## मुख्यमंत्री चौहान ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आए

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रविवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री चौहान दोपहर लगभग पौने एक बजे विमान द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पर पधारे। यहाँ से थो?ी देर बाद उन्होंने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ श्योपुर जिले के लिये प्रस्थान किया। भोपाल से खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा भी उनके साथ भ्रमण पर आए थे। श्योपुर में मेडीकल कॉलेज एवं सिंचाई परियोजनाओं की सौगातें देने के बाद सायंकाल लगभग 6ऱ30 बजे मुख्यमंत्री चौहान वापस ग्वालियर विमानतल पर पहुँचे। मुख्यमंत्री चौहान ने यहाँ विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान किया। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं खजुराहो सांसद व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा भी उनके साथ भोपाल के लिये रवाना हुए।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगवानी के लिये विमानतल पर बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, रामबरन सिंह गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी एवं हरीश मेवाफरोश, राजू सेंगर व सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुँचे थे। सायंकाल में मुख्यमंत्री चौहान को विदाई देने भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, जयप्रकाश राजौरिया व दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुँचे । इस अवसर पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल व अपर कलेक्टर एच बी शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।






## एक नजर...

महिला प्रीमियर लीग

### हीली की शानदार बल्लेबाजी से यूपी वॉरियर्स जीती



मुम्बई । एलिसा हीली के 96 रनों की शानदार पारी से महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) पर 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की है। आरसीबी ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 138 रन बनाये। यूपी की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए। उनके अलवा दीप्ति शर्मा ने 3, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक खिलाड़ी को आउट किया। इस प्रकार यूपी को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे यूपी ने सात ओवर पहले ही हासिल कर लिया। यूपी की ओर से कप्तान एलिसा हीली ने 47 गेंदों में 18 चौके और 1 छक्के की सहायता से 96 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच में यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्वेता सहरावत की जगह देविका वैद्य को पारी की शुरुआत के लिए भेजा। हीली के 96 नाबाद रनों के अलावा देविका ने 31 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 36 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को 13वें ओवर में ही जीत दिला दी। । इससे पहले बैंगलोर की टीम 19.3 ओवर में ही 138 रन बना पायी। आरसीबी की शुरूआत अच्छी नहीं रही कप्तान स्मृति मंधाना केवल 4 रन ही बना पायीं। इसके बाद सोफी डिवाइन और एलिस पेरी ने साझेदारी कर पारी को संभाला। पेरी ने अर्धशतक लगाया जबकि सोफी ने 24 गेंदों में 36 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद आरसीबी की कोई भी बल्लेबाज यूपी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायीं।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे एकदिवसीय के लिए 13 मार्च से मिलेंगी टिकटें




चेन्नई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां 22 मार्च को यहां होने तीसरे ओर अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए टिकटों की बिक्री 13 मार्च से शुरू होगी। एमए चिदंबरम स्टेडियम में 22 मार्च को होने वाले इस मैच के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 13 मार्च से शुरू होगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने कहा कि ये टिकट पेटीएम और इनसाइडर से ऑनलाइन खरीदे जा सकेंगे। इसके अलावा ऑफलाइन टिकट 18 मार्च से मिलेंगे। ये स्टेडियम के बाहर बने काउंटर से खरीदे जा सकेंगे। चेन्नई में करीब तीन साल बाद कोई अंतररष्ट्रीय मैच हो रहा है। ऐसे में इसके लिए दर्शकों में गजब का उत्साह है। इसी को देखते हुए टीएनसीए ने शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए आई लोअर स्टैंड में भी सीटों की व्यवस्था की है। यहां तक पहुंचने के लिए व्हीलचेयर की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन क्रिकेट मैच के दौरान दो नए स्टैंडों का अनावरण करेंगे। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारी के लिए यहां रह रहे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी इस मैच में दर्शकों के बीच नजर आ सकते हैं।

## 14 महीने और 15 पारियों के बाद कोहली की फिफ्टी

## गिल ने जमाया साल का 5वां शतक

# भारत पहली पारी में 289/3



अहमदाबाद

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 480 रनों के जवाब में तीन विकेट पर 289 रन बना लिए हैं, हालांकि टीम अब भी 191 रनों से पीछे है, लेकिन फॉलोऑन बचा लिया है। मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार का खेल समाप्त होने के बाद विराट कोहली 59 और रवींद्र जडेजा 16 रन पर नाबाद लौटे।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने 36/0 से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभमन गिल (128 रन) ने शतक जमाया। उन्होंने इस साल का अपना 5वां इंटरनेशनल शतक बनाया है।गिल ने कप्तान रोहित शर्मा (35 रन), पुजारा (42 रन) और कोहली तीनों के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां की। गिल के आउट होने के बाद कोहली ने कमान संभाली और अर्धशतक जमाया। उनके बल्ले से 14 महीने और 15 पारियों के बाद अर्धशतक आया है।इससे पहले कोहली ने 11 जनवरी 2022 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ फिफ्टी जमाई थी।

### शुभमन गिल का 3 महीने में 5वां इंटरनेशनल शतक

अहमदाबाद

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार शतक लगाकर एक बार फिर अपने को साबित किया है। शुभमन को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के पहले दो मैचों में लोकेश राहुल के कारण अवसर नहीं मिला था। उन्हें तीसरे टेस्ट में अवसर मिला पर वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये पर चौथे टेस्ट में शुभमन ने कोई गलती नहीं करते हुए शतकीय पारी खेली है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शुभमन ने 194 गेंदों पर अपना दूसरा टेस्ट शतक लगाया। साल 2020/21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट डेब्यू करने वाले गिल ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला शतक लगाया था। इसके बाद भी वह टीम में जगह नहीं बना पाये थे पर राहुल के लगातार खराब प्रदर्शन से उन्हें अवसर मिला जिसका इस खिलाड़ी ने पूरा लाभ उठाया है। शुभमन ने 10 चौके और एक छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वह इस टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा के बाद शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बल्लेबाज हैं।शुभमन ने इस साल की शुरुआत से ही बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच शतक लगाये हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय में दोहरा शतक भी लगाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी मैदान पर टी20 मुकाबले में भी शुभमन ने शतकीय पारी खेली थी। वह इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। इस मैच से पहले 14 मैच की 15 पारियों में इस बल्लेबाज ने 886 रन बनाये थे।

#### गिल-पुजारा के बीच 113 रन की साझेदारी



शतकवीर शुभमन गिल ने टॉप ऑर्डर पर तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने रोहित के साथ 126 बॉल पर 74 रन की ओपनिंग साझेदारी की। फिर 74 रन के टीम स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने गए चेतेश्वर पुजारा के साथ दूसरे विकेट के लिए 248 बॉल पर 113 रनों की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम इंडिया को पहले झटके से उबारा। पुजारा के आउट होने के बाद गिल ने कोहली के साथ मिलकर 58 रन जोड़े। यहां वे खुद नाथन लायन का शिकार बने।

#### ऐसे गिरे टीम इंडिया के विकेट

पहला: 21वें ओवर की आखिरी बॉल पर रोहित शर्मा शॉर्ट एक्सट्रा कवर पर खड़े लाबुशेन को कैच दे बैठे। कुह्नेमन को पहला विकेट मिला।

दूसरा : टॉड मर्फी ने चेतेश्वर पुजारा को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

तीसरा : गिल को नाथन लायन ने एलबीडब्ल्यू कर दिया।

## डब्लयूटीसी फाइनल के लिए भारत की राह कठिन हुई



अहमदाबाद।

भारतीय टीम की राह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए कठिन होती जा रही है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। ऐसी हालत में भारतीय टीम को श्रीलंका-न्यूजीलैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। भारतीय टीम को यह दुआ करनी होगी कि न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ कम से कम एक मैच में ड्रॉ या जीत हासिल कर ले। ऐसी स्थिति में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्लयूटीसी का फाइनल मुकाबला होगा।

जिस तरह से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में प्रदर्शन किया है उससे भारतीय टीम की परेशानियां बढ़ सकती है। अगर श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच जीत लेती है और भारत अहमदाबाद में जीत हासिल नहीं कर पाता है तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की राह ओर मुश्किल हो जाएगी। इन हालातों में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 17 मार्च से वेलिंगटन में होने वाले मैच की अहम भूमिका रहेगी। यदि उस मुकाबले में श्रीलंकाई टीम जीत हासिल नहीं कर पाती है तो भारतीय टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही फाइनल में पहुंच गयी है। डब्लयूटीसी अंक तालिका में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अभी 68.52 प्रतिशत अंक हैं, वहीं भारतीय टीम 60.29 प्रतिशत अंकों के साथ फिलहाल तालिका में दूसरे स्थान पर है. इसके बाद श्रीलंका (53.33 प्रतिशत) और दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है। डब्लयूटीसी का फाइनल मुकाबला 7 जून से ओवल में खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटोरोला ने बाजार में उतारा मोटो जी 73 5जी बजट स्मार्टफोन



मुंबई । स्मार्टफोन निर्माता कंपनी मोटोरोला ने अपने नए स्मार्टफोन मोटो जी 73 5जी को शुक्रवार को भारतीय बाजार में उतारा दिया है। नया मोटोरोला स्मार्टफोन एक बजट स्मार्टफोन है, जो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो ज्यादा पैसे नहीं खर्च करना चाहते हैं। मोटो जी 73 5जी में 8जीबी रैम, 120 एचजेड रिफ्रेश रेट और 5000एमएएच की बैटरी मिलती है। इस फोन को 20,000 रुपये के मूल्य में पेश किया गया है। भारत में मोटो जी 73 5जी के 8जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज की कीमत केवल 18,999 रुपये निर्धारित की गई है। मोटोरोला ने घोषणा की है कि ग्राहक लांच ऑफर के तहत चुनिंदा बैंक कार्ड पर 2,000 रुपये की अतिरिक्त छूट पा सकते हैं। बता दें कि मोटो जी 73 5जी दो कलर वेरिएंट-मिडनाइट ब्लू और ल्यूसेंट व्हाइट में आएगा। इस स्मार्टफोन की सेल 16 मार्च को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। मोटो जी 73 5जी में 6.5 इंच का डिस्प्ले मिलता है, जो फुल-एचडी+रिजॉल्यूशन और 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है। डिस्प्ले में एक छोटा होल-पंच है जिसमें सेल्फी कैमरा सेट किया गया है। मोटो जी 73 5जी के बैक में 50 मैगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा सेंसर और 8 मैगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड लेंस शामिल है, जो मैक्रो कैमरा की तरह भी काम कर सकता है। मोटोरोला का कहना है कि 50 मैगापिक्सल के प्राइमरी कैमरे में अल्ट्रा पिक्सल तकनीक है। यह एक पिक्सेल-बिनिंग तकनीक होती है जो कई पिक्सेल को एक बड़े पिक्सेल में जोड़ती है। इस बड़े पिक्सेल में अब अधिक डिटेल शामिल हैं, जिससे आपको बेहतर पिक्चर मिलता है।

### मारुति सुजुकी लांच करेंगी 2 नई फोर-व्हीलर



नईदिल्ली । अगले महीने मारुति सुजुकी कंपनी 2 नई फोर-व्हीलर लॉन्च करने जा रही है। पहली एक ऑफ रोड एसयूवी मारुति जिम्मी है और दूसरी बिल्कुल नई कार फ्रोंक्स है। लॉन्च होने से पहले ही मारुति लवर इन दोनों कारों पर लट्टू हो गए हैं। कुछ ही दिनों में दोनों की बुकिंग 35,000 के पार पहुंच गई है। मारुति ने अब तक इनकी लॉन्चिंग डेट का खुलासा नहीं किया, लेकिन उम्मीद की जा रहा है कि अगले महीने यानी अप्रैल में लॉन्च किया जा सकता है।5 डोर जिम्मी को खरीदने के लिए महज 25,000 रुपये में बुक कर सकते हैंइसके लिए मारुति की वेबसाइट और मारुति डीलरशिप पर बुकिंग खुली हुई हैदूसरी तरफ फ्रोंक्स को सिर्फ 11,000 रुपये में बुक किया जा सकता हैएक मीडिया रिपोर्ट में मारुति ने खुद कन्फर्म किया है कि दोनों कारों के लिए अब तक करीब 35 हजार बुकिंग मिल चुकी हैं। जिम्नी को करीब 21,000 लोगों ने बुक किया है, वहीं फ्रोंक्स को 12,000 लोगों ने बुक किया हैजल्द ही दोनों की बुकिंग और बढ़ सकती हैदूसरी तरफ जिम्नी में 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन होगा, जो 103 बीएचपी की पावर और 134 एनएम पीक टॉर्क विकसित करता है।

### शेयर बाजार पर भी सिलिकॉन वैली बैंक क्राइसिस का असर




## अमेरिकी बाजार 2% लुढ़के सेंसेक्स भी 1.1% भी गिरा

नई दिल्ली

अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम मुश्किलों में नजर आ रहा है। अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा बैंक- सिलिकॉन वैली बैंक को रेगुलेटर्स ने बंद करने का आदेश दिया है। बैंक में जमा ग्राहकों की राशि की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब एफडीआईसी पर है। बैंक के शेयर में करीब 70त्न की गिरावट के बाद इसे कारोबार से रोक दिया गया है। एसवीबी क्राइसिस के चलते अमेरिका ही नहीं भारत सहित अन्य देशों के शेयर बाजार में भी गिरावट देखने को मिली है।

शुक्रवार को एसवीबी की परेशानी का असर अमेरिका के प्रमुख शेयर इंडेक्स 500, डाउ जोन्स और नैस्डैक में 2त्न तक की गिरावट देखने को मिली। इसका असर दलाल स्ट्रीट पर भी महसूस किया गया। इस दिन सेंसेक्स में बिकवाली देखने को मिली, और शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 900 अंक से अधिक गिर गया। हालांकि बाद में यह 671 अंक या 1.1त्न की गिरावट के साथ 59,135 पर बंद हुआदुनियाभर के बाकी बाजारों की तरह, भारत में भी बैंकिंग और वित्तीय शेयरों ने ज्यादा गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स के बैंकिंग सेक्टर और फाइनेंसियल सर्विसेज इंडेक्स में लगभग 1.8त्न की गिरावट रही।




#### भारत के कई स्टार्टप्स में भी लगा है एसवीबी का पैसा

भारतीय निवेशकों और भारतीय स्टार्टअप पर भी इस क्राइसिस का असर देखने को मिल सकता है। कई भारतीय स्टार्टअप में सिलिकॉन वैली बैंक का पैसा लगा है। ऐसे में बैंक के मुश्किल में पड़ने से अब इन स्टार्टअप्स पर पड़ सकता है। एसवीबी ने का पेटीएम, वन 97 कम्युनिकेशन्स, पेटीएम मॉल, नापतोल, कारवाले, शादी, इनमोबी और ब्लूस्टोन जैसे स्टार्टअप में बैंक का निवेश है।

#### एसवीबी का भारतीय बाजार और बैंकिंग सेक्टर का सीधा कनेक्शन नहीं

सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता कहते है कि सिलिकॉन वैली बैंक का भारतीय शेयर बाजार और बैंकिंग सेक्टर से सीधा कोई कनेक्शन नही है। ऐसे में इसका यहां ज्यादा असर देखने को नहीं मिलेगा। हालाकि इसका असर अमेरिकी शेयर बाजार (डाउ जोन्स) पर पड़ सकता है, इससे भारतीय बाजार प्रभावित हो सकते है, क्योंकि डाउ जोन्स के गिरने या बढ़ने का असर दूसरे देशों के बाजारों पर भी देखा जाता है।

#### ब्याज दर बढ़ाने का पड़ा असर

अनुज गुप्ता बताते हैं कि अमेरिका ने बीते 1 साल में ब्याज दरों में 5त्न बढ़ोतरी की है। इसका भी बैंकिंग सेक्टर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वहीं भारत में इस दौरान सिर्फ 2.5त्न ही ब्याज दर (रेपो रेट) बढ़ी है। यानी हमारा बैंकिंग सेक्टर अमेरिका के मुकाबले बेहतर हालात में है।

### वी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अतरंगी को

## वी ऐप पर लाकर अपने रीजनल कंटेंट को बनाया सशक्त




ग्वालियर

अब हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कंटेंट का लुत्फ़ उठाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूज़र्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रीमियम सब्सक्रिप्शन रीजनल कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए अतरंगी के साथ साझेदारी की है।

अतरंगी के एक्सक्लुज़िव डिजिटल कंटेंट के एक्सेस के साथ, वी के यूज़र अब विभिन्न श्रेणियों जैसे थ्रिलर, माइथोलोजी, क्राइम, कॉमेडी, रोमांस आदि में अपने पसंदीदा शोज़ का आनंद उठा सकेंगे। इस पेशकश में नई रीलिज़ेज़ जैसे द गोल्डन हार्वेस्ट, पांचाली, पारो, द डेविल इनसाईड से लेकर शोज़ जैसे द बुल ऑफ दलाल स्ट्रीट, तंदूर, पेपर, क्लाइंट नंबर 7, तड़प, शुद्धि, चहल, पहचान, ऑनलाईन फ्रॉड और परशुराम का विविध हिंदी कंटेंट कैटलॉग शामिल हैइस पेशकश के साथ वी ने वी ऐप पर अपनी समृद्ध कंटेंट लाइब्रेरी को और भी सशक्त बना लिया है।

## एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल स्टिलेटोस में पुरुषों के लिए रैंप वॉक का आयोजन

रांची।




एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को %रंगों के अधिकार% नामक एक अभियान के साथ चिह्नित किया। इस अभियान के एक भाग के रूप में, अस्पताल ने एक अद्वितीय रैंप का आयोजन किया। सेंट जेवियर्स कॉलेज में स्टिलेटोस में पुरुषों के लिए वॉक, जहां छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने रैंप वॉक किया, यह दिखाने के लिए कि एक महिला के जूते में क्या होना पसंद है और उन चुनौतियों और कठिनाइयों को समझते हैं जो वे अक्सर सहते हैं। इस पहल का उद्देश्य दैनिक आधार पर उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करते हुए महिलाओं के लचीलेपन और ताकत का प्रदर्शन करना था। यह महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव भी था, क्योंकि प्रतिभागियों ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एकजुटता के साथ रैंप वॉक किया।

श्री माहेर खत्री, सीओओ, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा, ÷महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसके लिए सभी व्यक्तियों और संगठनों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। एचसीजी द्वारा %कलर्स ऑफ एम्पावरमेंट% अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करते हुए उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना था। रैंप वॉक एक अनूठा अनुभव था जिसने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को पुरुषों और महिलाओं को एक साथ लाकर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले दैनिक संघर्षों को प्रदर्शित करने की अनुमति दी। महिला सशक्तिकरण के लिए इतने सारे लोगों को एकजुट होते देखना सुखद था। हम आशा करते हैं कि यह अभियान और अधिक लोगों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महिलाओं की यात्रा में समर्थन करने के लिए प्रेरित करेगा।÷

#### मुफ्त परामर्श प्रदान किया

महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने सेंट जेवियर्स कॉलेज में मुफ्त परामर्श प्रदान किया। इन परामर्शों की पेशकश करके, एचसीजी का उद्देश्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपनी भलाई बनाए रखने के लिए आवश्यक समर्थन मिले।%रंगों के अधिकार% अभियान लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एचसीजी की चल रही प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है।

### एफसीआई ने पांचवें नीलामी दौर में 5.39 लाख टन गेहूं बेचा

मुंबई। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ई-नीलामी के पांचवें दौर में आटा मिलों सहित अन्य थोक उपभोक्ताओं को 5.39 लाख टन गेहूं बेचा। खाद्य मंत्रालय के अनुसार गेहूं और गेहूं आटे की खुदरा कीमतों को कम करने के कदमों के तहत पिछले चार दौरों में लगभग 23.47 लाख टन गेहूं खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को बेचा गया था। अगली साप्ताहिक ई-नीलामी 15 मार्च को होगी। ई-नीलामी का पांचवां दौर नौ मार्च को आयोजित किया गया था और एफसीआई के 23 क्षेत्रों में स्थित 657 डिपो से लगभग 11.88 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए रखा गया था।

# सारा अली खान की फिल्म मर्डर मुबारक में एंट्री, ली जान्हवी कपूर की जगह



जान्हवी कपूर फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आने वाली थीं। वह इसे लेकर बेहद उत्साहित थीं और उन्होंने इसमें खासी दिलचस्पी भी दिखाई थी, लेकिन फिर अचानक वह इससे पीछे हट गईं। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह दूसरी हीरोइन की तलाश शुरू हुई। अब खबर है कि इसके लिए सारा अली खान का नाम फाइनल हो गया है। सारा को फिल्म में पहली बार अभिनेता विजय वर्मा के साथ देखा जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के जरिए पहली बार सारा और विजय साथ काम करने वाले हैं। विजय, वही, जो इन दिनों अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सारा और विजय साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, वहीं पर्दे पर इस नई-नवेली जोड़ी को देखना दर्शकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। विजय की जगह पहले इसमें आदित्य रॉय कपूर को साइन किया गया था।

जल्द ही कई नई जोड़ियां पर्दे पर दिखेंगी। जहां तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी बनी है, वहीं बवाल में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आएंगे। इस फेहरिस्त में प्रभास-कृति सैनन और शाहरुख खान-तापसी पन्नू भी शुमार हैं। जान्हवी फिल्म में काम करने को तैयार थीं, लेकिन जूनियर एनटीआर अभिनीत उनकी दूसरी फिल्म की डेट्स इससे टकरा रही थीं। लिहाजा जान्हवी ने यह फिल्म छोड़ दी। वैसे भी वह जानती थीं कि एनटीआर संग काम करना उनके लिए फायदे का सौदा साबित होगा। दूसरी तरफ आदित्य ने फिल्म से इसलिए किनारा किया, क्योंकि उसी बीच उनके पास अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो..इन दिनों का प्रस्ताव आ गया। आदित्य भी मर्डर मुबारक के बजाय मेट्रो..इन दिनों से जुड़ गए।

मर्डर मुबारक का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं और इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजान हैं। फिल्म अनुजा चौहान के उपन्यास क्लब यू टू डेथ पर आधारित है। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। दिल्ली के एक बड़े और रसूखदार क्लब में एक ट्रेनर का मर्डर हो जाता है, जिसकी जांच सौंपी जाती है एसीपी भवानी सिंह को। फिल्म में यह किरदार पंकज त्रिपाठी निभा रहे हैं। सारा-विजय फिल्म में इसी केस की गुत्थी सुलझाने में उनकी मदद करते दिखेंगे। सारा जल्द ही फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में नजर आएंगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। वह निर्देशक जगन शक्ति के साथ उनकी अगली फिल्म में काम कर रही हैं। लक्ष्मण उतेकर की फिल्म भी सारा के पास है। गैसलाइट भी सारा की आगामी चर्चित फिल्म है।

## रकुल प्रीत सिल्वर लहंगे में लगीं बेहद हसीन; तस्वीरें देख उड़ जाएंगे होश



बॉलीवुड की हसीन अदाकारा रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर किए हैं. एक्ट्रेस के लहंगा लुक ने सनसनी मचा दी. उनकी हर अदा क़ातिलाना है. आप भी देखिए रकुल की दिलकश अदाएं. रकुल प्रीत ने शिमरी लहंगे में बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. उनके फोटोज़ ने एक बार फिर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. एक्ट्रेस का एथनिक लुक यूज़र को काफी अट्रेक्ट कर रहा है. तस्वीरों को खूब लाइक मिल रहे हैं. बोल्डनेस, सुंदरता और फिटनेस में रकुल प्रीत किसी से पीछे नहीं है. उनकी हर अदा के फैंस दीवाने हैं. सिल्वर लहंगे में एक्ट्रेस की तस्वीरें तेज़ी से इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. न्यूड मेकअप और ओपन हेयर ने उनकी खूबसूरती को और बढ़ा दिया है. रकुल शिमरी लहंगा पहने काफ़ी गॉर्जियस लग रही हैं. फोटोशूट में वो किलर पोज़ देती नज़र आ रही हैं. इंस्टा पर एक्ट्रेस के 22.7 मिनियन फॉलोअर्स हैं. उनके चाहने वालों की तादाद दिन व दिन बढ़ती जा रही है।

# पूजा हेगड़े ने किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी की



जल्द ही सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आने वाली अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने हाल ही में साझा किया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें पूजा सुपरस्टार सलमान खान के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। पूजा ने अपने प्रशंसकों के साथ रैप-अप की सूचना देने के लिए अपडेट साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम का सहारा लिया। अभिनेता ने एक सप्ताह पहले जारी किए गए टीजर में अपने लुक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, प्रशंसक उन्हें फिर से बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है और 21 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा एक्ट्रेस जल्द ही महेश बाबू के साथ अपनी अगली फिल्म एसएसएमबी 28 की शूटिंग शुरू करेंगी। उन्होंने दूसरे प्रोजेक्ट के मेकअप सेशन से कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

## अजय देवगन ने शुरू की औरों में कहां दम था की शूटिंग, साथ नजर आएंगी तब्बू

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक नीरज पांडे फिल्म औरों में कहां दम था! बना रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और जिम्मी शेरगिल की अहम भूमिका है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गयी है। इस फिल्म का ऑरिजनल साउंडट्रैक एमएम कीरावानी कंपोज करने वाले हैं। फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू गाने को कंपोज करने वाले एमएम कीरावानी ने देश और दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। अजय देवगन ने एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें फिल्म के तीनों कलाकार और नीरज पांडे दिखाई दे रहे हैं। सभी सेट पर मौजूद हैं और बातें कर रहे हैं।अजय देवगन ने ट्विटर पर लिखा, 'औरों में कहां दम था फिल्म के सेट से, नीरज पांडे के साथ, शूटिंग शुरू, तब्बू, जिम्मी शेरगिल। अजय की निर्देशक नीरज पांडे के साथ यह पहली फिल्म हैं। यह एक संस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी। अजय-तब्बू की भोला की बात करें तो यह फिल्म 30 मार्च, 2023 को रिलीज होगी। भोला तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे।



# सेल्फी का गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज, अक्षय कुमार संग दिखीं मृणाल ठाकुर

अक्षय कुमार पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। दर्शक ब्रेसबी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को बेहद पसंद आया था। अब गुरुवार को निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज कर दिया है। इसमें अक्षय के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आ रही हैं। गाने में अक्षय, मृणाल संग रोमांस करते दिख रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री शानदार लग रही है। ओरिजिनल गाने को द प्रोफेक और जहरा खान ने गाया है और इसे सेल्फी के लिए तनिष्क बागची ने



रीक्रिएट किया है। हालांकि, तनिष्क ने गाने में कुछ नए बोल भी जोड़े हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही सेल्फी में पहली बार अक्षय और इमरान हाशमी बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। फिल्म में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी भी अहम भूमिका में हैं। यह 24 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मृणाल ने करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उन्होंने 2018 में फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद वह फिल्म सुपर 30 में नजर आईं। बाटला हाउस और फरहान अख्तर के साथ फिल्म तूफान में भी उन्हें देखा गया। मृणाल अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म धमाका में भी दिखी थीं। उनकी आखिरी फिल्म शाहिद कपूर के साथ जर्सी थी। जल्द ही मृणाल आंख मिचौली, पिप्पा, पूजा मेरी जान और गुमराह जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। अगर आप मृणाल के प्रशंसकों में शुमार हैं तो आप घर बैठे उनकी कई फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। उनकी फिल्म तूफान अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। जर्सी नेटफ्लिक्स पर है। बाटला हाउस अमेजन प्राइम वीडियो पर तो सुपर 30 हॉटस्स्टार पर है। अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल की बायोपिक कैप्सूल गिल का हिस्सा हैं।

## कपिल शर्मा का डेब्यू एल्बम अलोन हुआ रिलीज, अलग अंदाज में नजर आए कॉमेडियन

जाने माने मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा का सिंगिंग डेब्यू हो गया है। वेलेनटाइन डे वीक में कपिल शर्मा एवं गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन गाना लेकर हाजिर हो चुकी है। जब से कपिल शर्मा ने अलोन से अपने म्यूजिक डेब्यू की घोषणा की थी, तब से प्रशंसक गाना देखने के लिए उत्साहित थे। हर कोई देखने को बेकरार था कि कपिल शर्मा और गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन में क्या धमला मचाने वाली है। कपिल शर्मा मनोरंजन जगत की वो हस्ती हैं, जिन्हें देखते ही लोगों के चेहरे पर मिलियन डॉलर स्माइल आ जाती है। प्रशंसकों को उम्मीद रहती है कि कपिल जब भी सामने आएंगे, सबको गुदगुदा कर ही जाएंगे। लेकिन सॉरी बॉस। इस बार कपिल शर्मा ने आपकी उम्मीदों से हटकर काम किया है। हमेशा हंसने-हंसाने वाले कपिल शर्मा अलोन में रोते हुए नजर आए। गुरु रंधावा, कपिल शर्मा एवं योगिता बिहानी स्टारर अलोन सॉन्ग दिल टूटे आशिकों पर फिल्माया गया है। गाने में कपिल शर्मा, योगिता बिहानी के प्यार में डूबे दिखाई दिए। पर कपिल शर्मा और योगिता बिहानी की लव स्टोरी का एंड हैप्पी नहीं होता है। योगिता बिहानी, कपिल शर्मा को खूबसूरत यादों के साथ छोड़कर चली जाती हैं तथा आखिर में कपिल की आंखों में आए आंसू प्रशंसकों को अपसेट कर सकते हैं। वही गुरु रंधावा और कपिल शर्मा की जोड़ी म्यूजिक वीडियो में अपना बेस्ट देते नजर आए। गाने के लिरिक्स पर कपिल शर्मा ने अपने एक्सप्रेशन से पूरी लाइमलाइट लूट ली। कपिल की आवाज और एक्सप्रेशन ने प्यार की खुशी एवं दर्द को बखूबी बयां किया है।

# वर्टिगोः जानिए इसके कारण, लक्षण और इलाज



अगर चलते-चलते आपका सिर घुमने लगता है या शारीरिक संतुलन बनाए रखने में समस्या होती है तो ये वर्टिगो के लक्षण हो सकते हैं। हालांकि, कई लोगों को वर्टिगो के बारे में पता नहीं चलता और स्थिति गंभीर होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि आपको इसके बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें पता हों, ताकि वक्त रहते इसका इलाज किया जा सके। चलिए आज वर्टिगो के कारण, लक्षण और इलाज के उपाय जानते हैं।

### वर्टिगो के लक्षण

वर्टिगो कोई बीमारी नहीं, बल्कि कई बीमारियों का लक्षण है। चक्कर आना, ठीक से सुनाई न देना, धुंधला दिखना, सिरदर्द और बोलने में परेशानी होना वर्टिगो के मुख्य लक्षणों में शामिल समस्याएं हैं। थकान महसूस करना, मतली और कान से जुड़ी परेशानी होना भी वर्टिगो के लक्षण हो सकते हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखें तो इन्हें नजरअंदाज करने की बजाय तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### वर्टिगो होने के कारण

कान की समस्याएं और सिर में चोट लगना वर्टिगो का कारण बन सकती हैं। कई दवाएं भी इसे ट्रिगर कर सकती हैं। इससे आपके कान के कामकाज प्रभावित हो सकते हैं। वेस्टिबुलर तंत्रिका में सूजन या दबाव और कान में जलन या सूजन की वजह से भी वर्टिगो हो सकता है। रक्त वाहिका संबंधी रोग, शराब का अधिक सेवन, मल्टीपल स्क्लेरोसिस (ऑटोइम्यून बीमारी), कैंसर और माइग्रेन जैसी बीमारियां भी वर्टिगो का कारण बन सकती हैं।

### वर्टिगो के लिए प्रभावी इलाज

वर्टिगो का इलाज स्थिति पर निर्भर करता है। इससे ग्रस्त लोगों को पेशेवर डॉक्टर्स से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपके लक्षणों और आयु के आधार पर वर्टिगो का इलाज कर सकते हैं। कुछ दवाएं भी इसके लक्षणों को कम करने में सहायक हो सकती हैं। अगर आपका वर्टिगो ब्रेन ट्यूमर या गर्दन की चोट के कारण है तो सर्जरी आवश्यक हो जाती है।

### वर्टिगो से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई

भ्रम- वर्टिगो चक्कर आने जैसा ही है सच्चाई- कई लोग मानते हैं कि वर्टिगो चक्कर आने जैसा ही है, जबकि ऐसा नहीं है। चक्कर आना और वर्टिगो अलग है। भ्रम- वर्टिगो केवल उन्हीं को होता है, जिन्हें ऊंचाई से डर लगता है सच्चाई- यह भी भ्रम है कि वर्टिगो केवल ऊंचाई से डरने वालों को होता है। ऊंचाई से डरने वाले लोग तनाव प्रतिक्रिया के रूप में वर्टिगो का अनुभव कर सकते हैं।

# इनसोम्निया के प्रभाव को कम करने में प्रभावी हो सकते हैं ये 5 योगासन

इनसोम्निया यानी अनिद्रा नींद से जुड़ा विकार है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को सोने में कठिनाई होती है। इस कारण शरीर को आवश्यकतानुसार आराम नहीं मिल पाता और इससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तनाव, मॉर्डन गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल, बीमारियों का दुष्प्रभाव या गलत खान-पान आदि इस विकार को जन्म दे सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे योगासनों के बारे में बताते हैं, जिनका नियमित अभ्यास इस विकार से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है।



### हलासन

हलासन करने के लिए योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं, फिर अपने हाथों को शरीर से सटाकर रखें। अब सांस लेते हुए पैरों को 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं और फिर सांस छोड़ते हुए टांगों को धीरे-धीरे सिर के ऊपर से पीछे की ओर ले जाएं। इस दौरान हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा ही रखें। इसके बाद सांस लेते हुए धीरे-धीरे वापस शुरुआती अवस्था में आ जाएं।

### बालासन

बालासन के लिए योगा मैट या दी पर वज्रासन की मुद्रा में बैठें और गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं, फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुककर सिर को जमीन से सटाएं। इस अवस्था में दोनों हाथ सामने, सिर जमीन से लगा हुआ और छाती जांघों पर रहेगी। कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहकर सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इसके बाद धीरे-धीरे आसान छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में आ जाएं।

### विपरीतकरणी आसन

सबसे पहले योगा मैट या दरी पर सीधे पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की तरफ उठाकर 90 डिग्री का कोण बना लें। ध्यान रखें कि आपके तलवे ऊपर की ओर होने चाहिए। इसके बाद अपने नितंब को ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस मुद्रा में कम से कम दो-तीन मिनट तक रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। इसके बाद दोबारा इस योगासन का अभ्यास करें।

### सुप्त बद्धकोणासन

सुप्त बद्धकोणासन के लिए योगा मैट या दरी पर पीठ के बल लेट जाएं और फिर अपने दोनों हाथों और पैरों को अपनी क्षमतानुसार फैला लें। अब पैरों को घुटनों से मोड़कर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें। इस दौरान अपनी दोनों आंखों को बंद करके सामान्य गति से सांस लेते रहें। कुछ सेकंड के बाद आसन को धीरे-धीरे छोड़ दें। आप चाहें तो अपनी पीठ के नीचे सपोर्ट के लिए कोई मुलायम तकिया भी रख सकते हैं।

### शवासन

योगा मैट पर आराम मुद्रा में लेट जाएं और आंखें बंद कर लें। अब दोनों हथेलियों को शरीर से लगभग एक फीट की दूरी पर रखें। इसके अलावा पैरों को भी एक-दूसरे से लगभग दो फीट की दूरी पर रखें। इसके बाद धीरे-धीरे सांसें लें और पूरा ध्यान सांस पर लगाने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहने के बाद आखों को धीरे-धीरे खोलें। अंत में दाईं ओर करवट लेकर उठें और आसन को छोड़ दें।

# आधार कार्ड के कारण पब्लिक हमसे जुड़ रही है: ब्रजेश शर्मा

**ग्वालियर ।** शहर के व्यवसाईयों एवं आमजन की सुविधा हेतु 03 दिवसीय 'आधार कार्ड' शिविर का शुभारम्भ आज डाक विभाग के सहयोग से 'चेम्बर भवन' में प्रारम्भ हुआ । इस अवसर पर पोस्ट मास्टर, लश्ड़कर सिटी डाकघर ब्रजेश शर्मा एवं सहायक पोस्ट मास्टर लश्ड़कर सिटी साकिर मोहम्मद खान का चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प माला से आत्मीय स्वागत्ड़ किया गया । शिविर में 125 लोगों द्वारा अपने आधार में संशोधन कराकर, शिविर का लाभ उठाया । 13 एवं 14 मार्च को भी 'चेम्बर भवन' में आयोजित होगा, आधार कार्ड शिविर ।इस अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्षसंदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य, कृष्ण बिहारी गोयल, भरत बंसल, संजय अग्रवाल, रोशन गाबरा, विवेक बंसल, दीपक श्रीचन्द जैसवानी, आशीष अग्रवाल, जितेन्द्र जाजू, अंकुर अग्रवाल, सुशांत सिंघल, अभिषेक गोयल, मुकेश सांघी सहित सदस्यगण, माधव अग्रवाल, राजेश गुप्ता सहित काफी संख्या में शहर के व्यवसाईगण उपस्थित थे ।

इस अवसर पर स्वागत्ड़ उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहाकि आज के समय में आधार कार्ड काफी उपयोगी हो गया है । किसी भी प्रकार का शासकीय कार्य इसके अभाव में संभव नहीं है । अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में आयकर विभाग, भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड को लिंक किए जाने हेतु 31 मार्च की अंतिम तिथि के रूप में निर्धारित की गई है । इसलिए शहर के व्यवसाई एवं उद्योगपतियों के द्वारा लगातार, आधार कार्ड में संशोधन हेतु शिविर




आयोजित किए जाने की माँग की जा रही थी । व्यवसाईयों की माँग को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा आज डाक विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय यह शिविर आयोजित किया जा रहा है । आपने उक्त शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग हेतु, पोस्ट मास्टर, लश्ड़कर सिटी डाकघर-श्री ब्रजेश शर्मा जी एवं उनकी टीम के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया । आपने कहाकि आज रविवार होने के बावजूद भी पोस्ट ऑफिस की टीम इस शिविर को आयोजित कर रही है, यह हम सभी के लिए बड़ी बात है । मेरी शर्मा जी से माँग है कि वह इस शिविर का आयोजन तब तक जारी रखे, जब तक शहर के सभी व्यवसाई व आमजन अपने आधार में संशोधन कराकर लाभांवित नहीं हो जाते हैं । पोस्ट मास्टर, लश्ड़कर सिटी डाकघर ब्रजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधार कार्ड शिविर का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किए जाने हेतु जब मुझसे अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल जी द्वारा सम्पर्क किया गया, तब मैंने अपने विभाग के लिए इसे एक अवसर के रूप में लिया क्योंकि आधार कार्ड के कारण पब्लिक हमसे जुड़ रही है । इसलिए मैंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से ईमेल के माध्यम से शिविर की अनुमति यह कहकर ली कि जब हम शहर के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों के मध्य में जाएँगे, तब हम डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी से भी उन्हें अवगत करा सकेंगे । डाक विभाग आज आधार कार्ड तथा जनकल्याणकारी योजनाओं सहित बैंकिंग सेक्टर में भी अपनी अहम्ड़ भूमिका निभा रहा है । हम बैंक की भांति सभी प्रकार के डिटीजल ट्रांजेक्शन के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र में एईपीएस एवं आईपीएस के माध्यम से आमजन को सरकार विभिन्न योजनाओं की राशि का भुगतान कर रहे है। आज बैंक जो कार्य कर रहीं है, वह सारी सुविधाएँ हम दे रहे हैं। इसके साथ ही, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का व्यवसाय भी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर किया जा रहा है । हमारे पास पर्याप्त संसाधन हैं। हमारे पास काफी बजट योजनाएँ हैं और हम बैंकों से 1 प्रतिशत अधिक ब्याज देते हैं। साथ ही, हम कोर बैंकिंग से जुड़े हुए हैं । कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । अंत में मुख्य अतिथि ब्रजेश शर्मा जी को स्मृति-चिन्ह मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल द्वारा भेंट किया गया।



# विकलांगजनों ने मांगों को लेकर थाली कटोरी बजाकर धरना प्रदर्शन किया

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक सैकड़ा से अधिक विकलांगजनों ने जिला संयोजक अनूप जौहरी एवं उपाध्यक्ष परमाल सिंह कुशवाह के नेतृत्व में अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर फूलबाग गांधी प्राणी उद्यान गेट पर मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ थाली कटोरी बजाकर विशाल धरना प्रदर्शन करते हुये अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिला संयोजक जौहरी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर इस जमीं पर सबसे अति कमजोर वर्ग की श्रेणी में आने वाले असहाय मध्यप्रदेश के विकलांग भाई बहिनों के साथ निरंतर सौतेला व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज सिंह जी बताएं कि विकलांगजनों से ऐसी क्या दुश्मनी है कि हमेशा से विकलांगजनों की उपेक्षा क्यों करते चले आ रहे हैं। धरने को शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा, अमर सिंह माहौर, हमीद खां उस्मानी ने भी संबोधित किया।

# जीवाजी विश्वविद्यालय बरसात के पानी को करेगा संरक्षित, तैयारियां शुरू

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय लगातार विवि के अकादमिक, शोध व इंफ्रा स्टेक्चर के विकास के साथ साथ अब पर्यावरण व जल सरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। इसी योजना के तहत विवि अब बरसात के पानी को सहेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की के लिए कार्य कर रहा है। विवि के यंत्री विभाग ने कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी के निर्देश पर मल्टीआर्ट कॉमलेक्स परिसर में एक बीस फिट गहरा और 30 वाई 15 फिट का गड्डा खुदवाकर वर्षात के व्यर्थ बहने बाले पानी को रोकने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना से जहां एक ओर वाटर हार्वेस्टिंग होगी वहीं राजमाता चौराहे पर बरसात मैं भरने वाले पानी से भी निजात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि बरसात मै महलगांव क्षेत्र, विवि कर्मचारी आवासों से बहुत पानी आता है जो राजमाता चौराहे पर आकर भर जाता है जिससे आवागमन मै भारी परेशानी होती है। विवि के इस भागीरथी प्रयास से बरसात का पानी भी सरक्षित होगा और बहुत हद तक समस्या से



निजात मिलेगी। इसी तरह विवि ने प्रशासनिक भवन के सामने भी एक बीस वाई बीस का गड्डा खुदवाया गया है। इससे अनुपम नगर रोड की तरफ से आने वाले बरसाती पानी को सरक्षित किया जाएगा। उक्त स्थान के ढाल मैं होने से रोड पर भरने वाला पानी इसमें स्टोर होगा जो जमीन के वाटर लेवल को बड़ायेगा और रोड पर भरने वाले पानी से भी निजात मिलेगी। साथ ही बरसाती पानी व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कार्य के लिए कुलपति प्रो. तिवारी वाटर हार्वेस्टिंग के विशेषज्ञों की भी परामर्श ले रहे हैं, इस कार्य को वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है।



# बजरंग भक्त मंडल ने 700 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा कर मनाया रंगपंचमी का पर्व

बजरंग भक्त मंडल द्वारा लगभग 4 वर्षो से मार्क हॉस्पिटल, गोला का मंदिर गौशाला में निरन्तर की जा रही गौसेवा के क्रम में बजरंग भक्त मंडल के सदस्य एवं गौसेवक सदस्यो के सहयोग से आज 700 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की। जिसमे 200 किलो अभिषेक शर्मा के सहयोग से, 125 किलो श्रीमती पूनम अग्रवाल के सहयोग से,100 किलो अनिल गुप्ता डोम्स जी के सहयोग से,100 किलो अमित गुप्ता के सहयोग से,100 किलो गुप्त रूप से सहयोग,50 किलो अंकुश कोटिया के सहयोग से एवं 25 किलो बजरंग भक्त मंडल द्वारा अतिरिक्त शेष राशि द्वारा कुल 700 किलो की सेवा आज बजरंग भक्त मंडल के माध्यम से की गई। गौसेवा के उपरांत बजरंग भक्त मंडल के सदस्यो एवं गौसेवकों द्वारा रंगपंचमी का त्यौहार गौशाला में होली खेल कर मनाया गया। गौसेवा में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल, सचिव राकेश मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, कोषाध्यक्ष रामकिशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, अंकुश कोटिया, मनीष राय, नमन अवस्थी, सह सचिव जितेंद्र चंदेल, डॉ अमर, रानू, सुमित शर्मा, आदित्य अग्रवाल, आर्यान्श अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

# सुनील शर्मा के प्रदर्शनों की घेराबंदी से उर्जा मंत्री की नींद उड़ी

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर आजकल अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के बड़ते जंगी प्रदर्शनों से बेहद परेशान हैं। अब उन्हें अपने नेता व पार्टी के विभिन्न आयोजनों में समय देने के साथ साथ कांग्रेस के बड़ते प्रदर्शनों का भी सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनमे अब खीज भी बड़ती जा रही हैं। बीते दिवस कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व उनके कटटर राजनैतिक विरोधी सुनील शर्मा ने उन्हीं की तर्ज पर बिजली की नसैनी लेकर उनका बंगला ही घेर डाला। सुनील शर्मा की स्टाइल से उर्जा मंत्री बुरी तरह उखड़े हुये



थे, जो प्रदर्शन की स्टाइल वह विरोधी दल में होने पर अपनाया करते थे, वहीं स्टाइल सुनील शर्मा ने उनके खिलाफ अपना ली हैं। सुनील शर्मा का स्पष्ट आरोप था कि उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर मंत्री बनने से पहले गरीबों के बिजली के काटे गये कनेक्शनों को जोड़ने का काम करके नाटक नौटंकी करते थे, अब उर्जा मंत्री बनने के बाद गरीबों के बिजली के कनेक्शन कटवा रहे हैं। इसीलिये हम उन्हें नसैनी देने गये थे कि वह सत्ता के मद में भूल गये हो, तो उन्हें नसैनी देकर याद दिला दें कि गरीबों के बिजली कनेक्शन काटना नहीं है जोड़ना हैं। कुल मिलाकर सुनील शर्मा के इस अनूठे प्रदर्शन को खूब वाहवाही मिली व मीडिया ने भी हाथों हाथ लिया है। वैसे यहां बता दें कि सुनील शर्मा उपनगर ग्वालियर से विधानसभा चुनाव के लिये ताल ठोंककर मैदान में है और उन्होंने पिछ्ला चुनाव हारकर अपने आपको फिर से जनता की समस्याओं के लिये सामने आकर संघर्ष कर जमकर तैयारी कर ली है। इसी कारण उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह अब चिंतित है वह अपनी चापलूस मंडली से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। मंत्री बनने के बाद वह लगातार भाजपाई कार्यकर्ताओं व मीडिया से दूरी बड़ा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना: आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हितग्राहियों को फॉर्म भरने की बारीकियाँ सिखाई

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं के पंजीयन के लिये ग्वालियर जिले में व्यापक स्तर पर शासकीय सेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार को नगर निगम के वार्ड अधिकारियों सहित अन्य शासकीय सेवकों को ई-केवायसी की प्रक्रिया संपादित करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही गूगल मीट के जरिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और हितग्राहियों को लाडली बहना योजना के फॉर्म भरने से संबंधित बारीकियाँ सिखाई गईं।

वार्ड अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्षदगण भी शामिल हुए। अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता व कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राहुल पाठक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने यह प्रशिक्षण दिया।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राहुल पाठक ने बताया



कि प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि जिन परिवारों की वार्षिक आय ड़ाई लाख रूपए से कम है, पाँच एकड़ से कम जमीन है और परिवार में कोई आयकरदाता नहीं है, ऐसे परिवारों की 23 से 60 वर्ष तक की बहनें योजना के लिये पात्र हैं। योजना में परिवार का आशय है पति, पत्नी और बच्चे। योजना के तहत 25 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जायेंगे। मई माह में आवेदनों की जाँच होगी और 10 जून को पहली किश्त पात्र महिलाओं के बैंक खातों में जमा की जायेगी। लाड़ली बहना योजना के प्रशिक्षण के दौरान यह भी कहा गया कि जिन महिलाओं के बैंक खाते नहीं हैं उनके खाते खुलवाने में भी मदद करें। पंजीयन फॉर्म भरवाने के लिये ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के वार्डों में शिविर लगाये जायेंगे।



# रंगपंचमी पर महिलाओं ने महापौर संग खेली होली

ग्वालियर। रंग पंचमी के पावन पर्व पर आज जी.बाय.एम.सी क्लब परिसर में आयोजित रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ब?ी संख्या में मौजूद रहीं महिलाओं ने महापौर संग होली खेली और एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी प्रेम और विश?वास व भाईचारे के प्रतीक इस पर्व को हम सब मना रहे हैं। उन्होंने सभी बहनों को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की बधाई दी। इस मौके पर कलाकारों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी और फूलों संग राधा-कृष्ण ने होली खेली। कार्यक्रम के अंत में सभी बहनों ने एक साथ सहभोज किया ।

# भारत आज भी विश्वगुरू हैं: स्वामी निश्चलानंद

**ग्वालियर।** जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि भारत हमेशा से विश्व गुरू है, ऐसे में उसे विश्व गुरू बनाने की बात कहने का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि हम कोई मांग नहीं करते हैं, मांग तो कमजोर लोग करते हैं हमारी वाणी ही दिशा और दशा तय करती है। जगदुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज आज ग्वालियर प्रवास पर यहां सागर ताल, जलालपुर रोड स्थित तोमर फार्म हाउस पर मीडिया से चर्चा रहे थे। स्वामीजी ने पत्रकारों से चर्चा में देश के मौजूदा हालात और राजनीति से जुडे सवालों के जबाव दिए। शंकराचार्य ने कहा कि धर्म के बिना राजनीति की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राजनीति और धर्म एक दूसरे के पूरक हैं। राजधर्म ही राजनीति है और राजनीति ही राजधर्म है। राजनीति बिना धर्म के चल ही नहीं सकती।

उन्होंने कहा कि हम किसी तरह की मांग नहीं करते। हमारी वाणी वातावरण का निर्माण करती है, घटना के घटित होने का निर्माण करती है। उन्होंने कहा आरक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की देन है। स्वामी जी ने कहा, मैने पहले भी कहा था और आज भी कह रहा हूं, आरक्षण से प्रतिभा और प्रगति अवरूद्ध होती है। यह प्रायोगिक नहीं है। इससे परतंत्रता आती है और इससे प्रतिशोध की भावना जाग्रत होती है। स्वामी जी ने कहा वर्ण व्यवस्था को लेकर भ्रम का वातावरण निर्मित किया जा रहा है जो सही नहीं हैं। स्वामी जी एक सवाल के जबाव में कहा कि सपा नेता मुलायम सिंह को पद्मश्री देना गलत निर्णय था। जिस व्यक्ति ने हिन्दुओं पर गोली चलवाई हो उसे पद्मश्री कैसे दिया जा सकता है। स्वामी जी ने कहा हिन्दू मुस्लिम को लेकर माहौल बनाया जा रहा है। सच यह है देश में हम सभी सुरक्षित हैं। राजनीति का अर्थ राजधर्म का पालन करना है और सभी नीतियां अर्थनीति, शिक्षा नीति आदि इसी में समाहित हैं। जगदगुरू शंकराचार्य ने कहा जो लोग राम चरित मानस की चैपाई ढोर, गंवार, शूद्र, पशु,नारी की व्याख्या कर रहे है, अगर उन्होंने गुरू परंपरा से अध्ययन किया होता तो वे इस तरह की बातें नहीं करते।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का सेवा सप्ताह 12 से 19 मार्च तक

**ग्वालियर।** बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक ने बताया कि सेवा सप्ताह के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद शमशान घाटो एवं मंदिरो की साफ सफाई करने का अभियान चलाएगी। यह जानकारी देते हुये विश्व हिन्दू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष मध्यभारत प्रांत पप्पू वर्मा ने बताया कि यह अभियान 12 मार्च से शुरू होकर 19 मार्च तक चलाया जायेगा। उन्होने बताया कि अभियान बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रांत सह संयोजक मनोज रजक के नेतृत्व में चलाया जायेगा। अभियान के तहत ग्वालियर महानगर में स्थित शमशान घाट तथा मंदिरो की साफ सफाई करके उनकों व्यवस्थित करेंगे। शमशान में हर हिन्दू का दाह संस्कार हो यह सामंजस्य बिठाने का कार्य करेंगे। इस अभियान में समाज के सहयोग से बैठने के लिये स्थायी कुर्सियो




की व्यवस्था की जाएगी। शमशान भूमि की चार दिवारी या पौधा रोपण किया जायेगा। इसके साथ ही सीमांकन किया जायेगा। ताकि अनाधिकृत कब्जे हट सकें। गरीब परिवारो के लिये लकड़ी की व्यवस्था समेत नल एवं जल की व्यवस्था भी की जायेगी। बजरंगी शमशान भूमि में जाकर सफाई भी करेंगे तथा मंदिरो को भी आवश्यकतानुसार समाज के सहयोग से सुव्यवस्थित करेंगे तथा जहॉ शिव मंदिर नही है वहॉ शिवलिंग भी स्थापित किया जायेगा। साथ ही सभी मंदिर की साफ सफाई व्यवस्था कके साथ-साथ मंदिरो में हर हिन्दू का प्रवेश हो यह प्रयत्न किया जायेगा। जहॉ मंदिर समिति न हो वहॉ क्षेत्रीय लोगो को साथ लेकर मंदिर समितियों का गठन साथ ही सेवा कार्य भी प्रारम्भ किया जायेगा। मंदिरो में युवाओं हेतु एक साप्ताहिक मिलन केन्द्र भी संचालित किया जाएगा। पप्पू वर्मा ने आगे बताया कि यह सभी सेवा कार्य प्रखण्डो तथा टोली स्तर पर निश्चित समयावधि में ही किये जायेंगे। 12 मार्च को शामः 4 बजे लक्ष्मीगंज शमशान घाट में साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अभियान में शामिल मनोज रजक, मनोज गोड़िया, रविराज लुढेले, राजू गोस्वामी, दीपक यादव, रवि जैन, नरेन्द्र यादव, विनोद राठौर, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478